तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 14 अगस्त 2025

10 देशभक्ति का संदेश लेकर निकली तिरंगा रैली


10 बच्चों ने तैयार किए मेगा टिंकरिंग डे पर प्रोजेक्ट




श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

एनजीटी ने जारी की गाइडलाइन, शासन के निर्देश के बाद भी निकायों में पीओपी प्रतिमाओं की नहीं हो रही जांच

# पीओपी की प्रतिमाएं बाजार में, विराजने से पहले बरतें सावधानी, गोबर से बनी मूर्तियां सिर्फ 250 रुपए में

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

गशोत्सव को लेकर भिलाई-दुर्ग में तैयारी शुरू हो गई है। गणेश पंडालों में जहां 2500 से ज्यादा प्रतिमाएं विराजेंगी। वहीं घरों में 10 हजार से ज्यादा गणेश प्रतिमाओं को स्थापित किया जाना है। हर बार की तरह इस बार भी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने प्लास्टर ऑफ प्रतिमाओं के बाजार में आने से पहले सावधानी बरतने के लिए गाइडलाइन जारी की है।

शासन ने इसे लेकर सभी जिला कलेक्टरों और कलेक्टरों ने सभी निकायों को इसके लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बावजूद इसके प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाएं बाजार में बिकने के लिए पहुंचने लगी है। खबर है कि नागपुर से ऑर्डर देकर इन प्रतिमाओं को मंगाया जा रहा है। भिलाई-दुर्ग के बाजारों में फिलहाल इक्का-दुक्का जगहों पर ही प्रतिमाएं नजर आ रही हैं, लेकिन अस्थाई रूप से मूर्तियां बेचने वालों ने पीओपी की प्रतिमाएं मंगाना शुरू कर दिया है। हरिभूमि की पड़ताल में इसका खुलासा हुआ है। इधर अब तक निकायों ने पीओपी की प्रतिमाओं को बाजार में आने से रोकने को लेकर सार्थक प्रयास नहीं किया है। कामधेनु यूनिवर्सिटी अंजोरा ने इस बार अनोखी पहल की है। पंचगव्य के माध्यम से गोबर की प्रतिमाओं को बाजार में उतारा जा रहा है, जो महज 200 से 250 रुपए तक में बाजार में उपलब्ध होगी। इसके लिए वेटनरी कॉलेज अंजोरा और जेल रोड दुर्ग स्थित वेटनरी क्लीनिक में काउंटर खोलने की तैयारी की गई है। जल्द ही काउंटर खोला जाना है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



### पीओपी प्रतिमाओं की आप ऐसे करें पहचान

विशेषज्ञों की मानें तो पीओपी की प्रतिमाओं को पहचानना काफी आसान है। यदि मूर्ति के पीछे आप कुरेदकर देखेंगे तो अंदर सफेद रंग नजर आ जाएगा। कई मामलों में ऐसा नहीं होता, कुछ लोग पीओपी में मिट्टी कलर मिला देते हैं। ऐसी स्थिति में पानी मे डालने पर पीओपी नहीं घुलेगा। मिट्टी की प्रतिमा खुलने लगेगी। इसी प्रकार मिट्टी की प्रतिमाएं हल्की दरदरी होती है। गोबर की प्रतिमाएं भी ऐसी होती है, लेकिन पीओपी प्रतिमाएं चिकनी होती हैं। उनमें ज्यादा चिकनाहट होती है, इसके जरिए भी पहचाना जा सकता है।

### निकायों ने अब तक शुरू नहीं किया सर्वे

जानकारी के मुताबिक जिले के निकायों में अब तक पीओपी प्रतिमाओं को लेकर सर्वे शुरू नहीं किया है। इस वजह से अब तक यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि किन जगहों पर प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाएं तैयार की जा रही है। हालांकि शासन ने 15 दिन पहले ही इसे लेकर निर्देश जारी कर दिए थे। बावजूद इसके निकायों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। वर्तमान में कई मूर्ति विक्रेताओं ने नागपुर और अन्य जगहों से इस तरह की प्रतिमाओं के आर्डर दे दिए हैं। ये प्रतिमाएं जल्द ही बाजारों में नजर आएंगी।

### केवल परंपरागत मिट्टी और प्राकृतिक रंगों का उपाय

कलेक्टर ने मूर्ति निर्माण व विसर्जन के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। इसमें स्पष्ट कहा गया है कि प्रतिमा के निर्माण में केवल प्राकृतिक सामग्रियों का ही उपयोग किया जाएगा, जैसा कि पवित्र ग्रंथों में उल्लेखित है। प्रतिमा निर्माण में परंपरागत मिट्टी का ही उपयोग किया जाए। पक्की हुई मिट्टी, प्लास्टर ऑफ पेरिस या किसी प्रकार के कैमिकल व रासायनिक वस्तु का उपयोग प्रतिमा निर्माण में किया जाना प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही केवल प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया जाए। रासायनिक व हानिकारक रंगों का इस्तेमाल नहीं किया जाए।

### बाजारों में बिकने आ रही पीओपी प्रतिमाएं पर्यावरण के लिए खतरा

शहर में गणेशोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन इस बीच पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां भी तेजी से चल रही है। कलेक्टर ने प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से प्रतिमा निर्माण और उसकी बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है, लेकिन इसके बावजूद शहर में कई जगह बड़े पैमाने पर पीओपी की प्रतिमाएं न सिर्फ बनाई जा रही है, बल्कि सड़क पर बेचना भी शुरू कर दिया गया है। शहर के आउटर, रायपुर नाका क्षेत्र, नंदिनी रोड, राजनांदगांव मार्ग पर कुछ जगहों पर चोरी छिपे पीओपी प्रतिमाएं तैयार भी की जा रही है। साचे के जरिए प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। किसी मूर्ति में भगवान गणेश को साफा बांधे दिखाया जा रहा है तो किसी में मूषक की सवारी करते हुए। छोटी मूर्तियों में भगवान गणेश के साथ रिद्धि-सिद्धि की मूर्तियां भी थीं। इधर शासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पीओपी की मूर्तियां कहां बन रही हैं, स्थानीय निकाय इसका सत्यापन करें। तत्काल प्रतिमाओं को कब्जे में लेकर उनका निपटान नगरीय ठोस अपशिष्ट नियम के प्रावधानों के अनुसार करें। यदि कोई व्यक्ति आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर अभियोजन किया जाए। अब तक निकायों ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

### वेटनरी कॉलेज में गोबर और प्राकृतिक रंगों से तैयार की जा रही प्रतिमाएं





कामधेनु पंचगव्य अनुसंधान एवं विस्तार केंद्र अंजोरा में गोबर और प्राकृतिक रंगों से भगवान गणेश की मूर्तियां तैयार की गई हैं। वर्तमान में डिमांड के अनुरूप तैयार भी की जा रही हैं। यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने बताया कि इस मूर्ति की विशेषता यह है कि यह पूर्णतः पर्यावरण अनुकूलित है। इसके उपयोग के बाद इस मूर्ति को अगर किसी जलाशय या घर के गमले में विसर्जित किया जाएगा तो को रासायनिक पदार्थों की शून्यता के कारण किसी प्रकार के जलीय जीव जन्तु एवं फसलों को नुकसान नहीं पहुंचेगा। यदि कोई बच्चा भी प्रत्यक्ष रूप से इस मूर्ति के संपर्क में अर्थात उसे चाट लेता है तो भी बच्चे पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। इन मूर्तियों की कीमत भी काभी कम रखी गई है। महज 200 से 250 रुपए में ये उपलब्ध कराए जाने की तैयारी की गई है। इसके लिए आयुर्वेद चिकित्सक और पंचगव्य केंद्र के डॉ. राकेश मिश्र से मोबाइल नंबर 9993907898 पर संपर्क किया जा सकता है।

### गोबर से बनी प्रतिमाएं इक्रो फ्रैंडली, इसलिए कर रहे प्रमोट



बाजार में मिट्टी और पीओपी की प्रतिमाएं आती है। पीओपी बहुत अधिक हानिकारक है। एनजीटी ने इसे स्पष्ट भी कर दिया है। इस बार हम गोबर की प्रतिमाएं लेकर आए हैं, जो प्रतिमाएं आपको बाजार में सामान्य रूप से 1 हजार रुपए में मिलती हैं, हम गोबर से उसे तैयार कर महज 200 से 250 रुपए में उपलब्ध कराएंगे। इसके लिए दो काउंटर भी खोले जा रहे हैं।

-राकेश मिश्रा, आयुर्वेद चिकित्सक और पंचगव्य अनुसंधान केंद्र कामधेनु यूनिवर्सिटी अंजोरा

## खबर संक्षेप

### जिले के 18 पटवारियों का बदला गया अनुभाग

दुर्ग। राजस्व महकमें में मिल रही शिकायत के बाद जिले के 18 पटवारियों का अनुभाग बदला गया है। उन्हें आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से दूसरे अनुभाग में भेजा गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रशासनिक कसावट को लेकर यह ट्रांसफर आदेश जारी किया है। इसमें चंद्रशेखर सोनी को अहिवारा से पाटन, कमलेश वर्मा को दुर्ग से पाटन, दीप्ति देशमुख को पाटन से दुर्ग, सीमा मेश्राम को दुर्ग से पाटन, रत्नेश भदौरिया को दुर्ग से पाटन, पुरुषोत्तम दास के धमधा से पाटन, सुभाष बंजारे को धमधा से पाटन, स्वप्निल राजपूत को अहिवारा से दुर्ग, ताराचंद मेश्राम को धमधा से दुर्ग, जसवंत साहू को धमधा से पाटन, शत्रुहन मिश्रा से पाटन से दुर्ग, केदारनाथ साहू पाटन से धमधा, केदारनाथ साहू पाटन से धमधा, ईश्वर ठाकुर पाटन से धमधा, राजकुमार पाटिल पाटन से धमधा, निवेदिता राजपूत दुर्ग से पाटन, रूपाली भट्टाचार्य धमधा से अहिवारा, चंद्रमोहन साव पाटन से दुर्ग, राजेश मरकाम दुर्ग से पाटन भेजे गए हैं। जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ समय से राजस्व विभाग में लंबित प्रकरणों को लेकर शिकायतें सामने आई थी। इसके बाद कलेक्टर ने यह ट्रांसफर आदेश जारी किया। सभी को तत्काल ज्वाइनिंग के निर्देश दिए गए है।

# कोसानाला टोल के पास सुरक्षा की अनदेखी, टैंकर ने बुजुर्ग को कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्कूटी अचानक स्लिप होने से दंपत्ति सड़क पर गिर पड़े। पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे टैंकर ने वृद्ध महिला को चपेट में लिया।

- पति के साथ बेटी से मिलने जा रही थी महिला



खास बातें
- लगातार हो रहे हादसे, नहीं सुरक्षा इंतजाम
- हाईवे होने के बाद भी एजेंसी की लापरवाही
- प्रशासन ने नहीं लिया अब तक गंभीरता से
- पुलिस ने अपराध दर्ज कर शुरू की जांच

हादसे में महिला की मौके पर मौत हो गई। वहीं पति का उपचार अस्पताल में जारी है। घटना कोसानाला टोल के पास की है। सुपेला पुलिस ने बताया कि सेक्टर 10 निवासी महेन्द्रजीत कौर, पति सुरेन्द्र सिंह अपनी स्कूटी सीजी 07 एफ 9572 में सवार होकर पावर हाउस गए हुए थे। इसके बाद दंपत्ति अपनी बेटी के घर नेहरू नगर जा रहे थे। तभी कोसानाला सुपेला के पास स्कूटी अचानक स्लीप हो गई। महेन्द्रजीत कौर सड़क पर गिर पड़ी। पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे टैंकर केए 35 डी 3197 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए वद्धा महिला को चपेट में लिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। वहीं पति सुरेंद्र सिंह को भी गंभीर चोटें आईं जिसका उपचार अस्पताल में जारी है। खबर लगते ही सुपेला पुलिस मौके पर पहुंची। महिला के शव को पीएम के लिए भेज दिया और घायल पति को उपचार के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भेजा। पुलिस ने टैंकर चालक को हिरासत में लिया है। पुलिस जांच में पता चला है कि स्कूटी के स्लीप होने के कारण ही हादसा हुआ है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### कोसानाला टोल के पास सारे नियम-कायदों को ताक पर रखकर किया जा रहा भवन तोड़ने का काम

बता दें कि कोसानाला टोल के पास पुराने बिल्डिंग को डिसमेंटल किया जा रहा है। इस दौरान सुरक्षा के सारे नियम-कायदों को ताक पर रखा जा रहा है। नेशनल हाईवे होने के बाद भी दिन में काम किया जा रहा है। इसके अलावा इस क्षेत्र में पुल का निर्माण भी किया जा रहा है। इस दौरान कहीं किसी प्रकार की सुरक्षा नहीं बरती जा रही। न ही मार्किंग की गई है न ही संचेतक लगाए गए हैं। बैरियर भी नहीं लगे हैं। इसकी वजह से हर समय हादसे का खतरा बना हुआ है।

# वसुंधरा सम्मान रजत जयंती समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई







कीर्तिशेष देवी प्रसाद चौबे की स्मृति में स्थापित एवं लोकजागरण के लिए प्रदत्त वसुंधरा सम्मान समारोह का आयोजन 14 अगस्त को दोपहर एक बजे महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में किया जाएगा। वसुंधरा सम्मान का यह निरंतर 25 वां वर्ष है। वसुंधरा सम्मान रजत जयंती समारोह के मुख्य अतिथि छग विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। सामाजिक सरोकार, भाषा के स्वरूप और संस्कार के प्रति संजीदा पत्रकारिता के लिए सुपरिचित पत्रकार एवं लेखक राहुल देव को 25वें वसुंधरा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर राहुल देव हिंदी पत्रकारिता की नई पीढ़ी का भविष्य विषय पर समारोह को संबोधित करेंगे। समारोह में पत्रकार, संपादक, लेखक अभय कुमार दुबे और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे। डॉ. हिमांशु द्विवेदी सोशल मीडिया के बीच पत्रकारिता की चुनौतियां विषय पर प्रबुद्ध जनों के बीच अपना उद्बोधन देंगे। छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा समारोह में विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे।

पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी के रचनात्मक अवदान पर केंद्रित लोक जागरण की मासिक पत्रिका कृति वसुंधरा के 122वें अंक और माधव राव सप्रे के अवदान पर एकाग्र कृति बहुमत के 147 वें अंक तथा श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन के नए सामाजिक फोल्डर का लोकार्पण भी किया जाएगा।

# अधिवक्ता बताकर बंदोबस्त त्रुटि के नाम पर 5.38 लाख रुपए ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

महिला स्वयं को अधिवक्ता बताकर बंदोबस्त त्रुटी सुधार का झांसा देकर महिला से ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया

- नेहरू नगर निवासी महिला ने थाने में की शिकायत

कि विद्या विहार नेहरु नगर निवासी तृप्ती यादव ने के इसके पिता के नाम पर कातुलबोर्ड में आवासीय भूमि है। जमीन का बंदोबस्त त्रुटि सुधार कराया जाना था। आरोपिया ग्राम डोमा, भखारा धमतरी वर्तमान में गोल्फ ग्रीन सेजबहार, ब्लाक 24 प्लाट 5 देवेन्द्र नगर रायपुर निवासी प्रभा साहू ने पीड़िता को अधिवक्ता बताकर काम आसानी से कराने का झांसा दिया। दिसके एवज में पीड़िता से 2 लाख रुपए नगद, ऑनलाईन



3. 38 लाख रुपए लेकर ठगी किया। शिकायत पर सुपेला पुलिस ने अपराध कायम कर जांच शुरु किया। सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड के लिए न्यायालय पेश किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

आईआईटी भिलाई की शोध टीम ने तैयार किया नया उत्प्रेरक

# जर्मन व मद्रास के सहयोग से मजबूत पॉलिमर तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आईआईटी भिलाई की शोध टीम ने एक और नई प्रेरक पहल की है। इस शोध में आईआईटी मद्रास व जर्मन संस्थानों के सहयोग लेकर इसे अंजाम तक पहुंचाया है। महंगे या जहरीले धातुओं के सस्ते, प्रचुर और सुरक्षित विकल्प के रूप में लोहे का उपयोग करके प्लास्टिक और पॉलिमर बनाने की एक अभूतपूर्व पर्यावरण-अनुकूल विधि विकसित की है। अपनी तरह की यह पहली तकनीक सामान्य कमरे के तापमान पर उच्च-गुणवत्ता वाले, सटीक रूप से नियंत्रित पॉलिमर का उत्पादन करने के लिए विशेष लौह-आधारित उत्प्रेरकों का उपयोग करती है, जिससे यह प्रक्रिया उद्योगों और छोटे व्यवसायों के लिए हरित, सुरक्षित और मापनीय बन जाती है।यह ऐतिहासिक कार्य विश्व-प्रसिद्ध पत्रिका एंग्वैंड्टे केमी इंटरनेशनल एडिशन (विले-वीसीएच) में प्रकाशित हुआ है, जो पॉलिमर रसायन विज्ञान के भविष्य पर इसके प्रभाव को मजबूत करता है।




### पॉलीमराइजेशन प्लेटफार्म से बढ़ती है प्रोडक्ट की गुणवत्ता

आईआईटी भिलाई की एक शोध टीम के अमूल जैन, भानेंद्र साहू और डॉ. संजीव बनर्जी ने बताया कि यह अग्रणी अध्ययन पहली बार, रेडॉक्स- और नियर-इन्फ्रारेड (एनआईआर)-सक्रिय लौह ट्राइरेडिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा संचालित एक पॉलीमराइजेशन प्लेटफॉर्म पेश करता है। जो हल्के, परिवेशी परिस्थितियों में एक्रिलामाइड्स और मेथैक्रिलेट्स के नियंत्रित रेडिकल पॉलीमराइजेशन को सक्षम बनाता है। यह दृष्टिकोण अभूतपूर्व चेन-एंड फिडेलिटी, संकीर्ण फैलाव, और पर्यावरणीय सुरक्षा के साथ सटीक पॉलिमर और डिब्लॉक कोपॉलीमर प्रदान करता है, जबकि महंगे या जहरीले धातुओं को लोहे से बदल देता है, जो एक प्रचुर और सस्टेनेबल विकल्प है।

### इस तरह दूरगामी परिणाम होंगे

शोधार्थियों ने बताया कि इस खोज के निहितार्थ दूरगामी हैं। यह बायोमेडिसिन, स्मार्ट कोटिंग्स और प्रतिक्रियाशील प्रणालियों के लिए उन्नत कार्यात्मक सामग्री बनाने की नींव रखता है, जबकि उद्योगों और एमएसएमई को हरित, मापनीय और उच्च प्रदर्शन वाले पॉलिमर के लिए एक मार्ग प्रदान करता है। भारत सरकार के डीएसआईआर-सीआरटीडीएच कार्यक्रम द्वारा सहायता प्राप्त, यह अंतरराष्ट्रीय प्रयास दर्शाता है कि कैसे वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग नवाचार को बढ़ावा दे सकता है जो तकनीकी चुनौतियों और स्थिरता लक्ष्यों दोनों को संबोधित करता है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### थनौद में पौधारोपण

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मिनी माताजी जयंती पर ग्राम थनौद में वृक्षारोपण किया गया एवं मिनी माता के बताएं मार्गों पर चलने का संकल्प लिया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सरपंच मेनका दिनेश देशमुख, हरेंद्र धृतलहरे, मनीष धृतलहलरे, आशिया बेगम, पिंकला देशमुख, संध्या देवांगन, धनराज देवांगन, धर्मेंद्र देशमुख, प्रेमलाल चक्रधारी, धनेन्द्र सिन्हा ,ललिता देशमुख, कुलेश्वरी ढीमर, संदीप खरे , गेवन खरे, दशवंत धृतलहरे, यश धृतलहरे, पप्पू कोसरे, सुखीत जांगड़े, सतेंद्र देशलहरे, धन्नू खरे ,शैलेश चतुर्वेदी और प्रवीण धृतलहरे सहित अन्य ग्रामीण नागरिक जन उपस्थित थे।

### पनिका समाज मनाएंगे स्वतंत्रता दिवस

**भिलाई।** मानिकपुरी पनिका समाज भिलाई रूआबांधा द्वारा स्वतंत्रता दिवस के 79वीं वर्ष 15 अगस्त को सुबह 9 बजे मानिकपुरी सामुदायिक भवन रूआबांधा में मनाया जाएगा। समाज के गुलाब दास मानिकपुरी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिकजनों से उपस्थिति की अपील की।

## निधन

### कृष्णा कुमार उपाध्याय



**भिलाई।** ओटेबंद निवासी कृष्णा कुमार उपाध्याय उम्र 80 वर्ष का निधन 12 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम ओटेबंद मुक्तिधाम में 13 अगस्त को किया गया। वे प्रवीण उपाध्याय के पिता थे।

### लक्ष्मीबाई सेन



**भिलाई।** ढीमर पारा ब्राह्मणपारा दुर्ग निवासी स्व. कृष्ण कुमार सेन की पत्नी लक्ष्मी बाई सेन का निधन 13 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे अजय सेन की मां थीं।

### जे वीरास्वामी



**भिलाई।** खुर्सीपार निवासी जे वीरास्वामी 69 वर्ष का निधन 13 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मांझी चौक, केनाल रोड, जोन 03, खुर्सीपार निवास स्थान से छावनी मुक्तिधाम के लिए 14 अगस्त को सुबह 11.30 बजे निकलेगी। वे जे हंसम्मा के पति, जे जोगाराव तथा जे बालकृष्णा के पिता थे।

### ऋतु चंद्राकर



**भिलाई।** हुडको निवासी ऋतु चंद्राकर का निधन हो गया। वे अनिल चंद्राकर की पत्नी एवं पार्थ चंद्राकर की माता थी। उनकी अंतिम यात्रा एमआईजी 1-853 से 14 अगस्त को निकलेगी। अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## जज्बा : गांव-गांव, शहर-शहर लोग तिरंगा लेकर निकले शान से

# देशभक्ति का संदेश लेकर निकली तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत बुधवार को दुर्ग शहर में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं, जनप्रतिनिधि और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लहराते हुए 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से वातावरण को देशभक्ति से भरते रहे।

वहीं रैली यात्रा में सांसद विजय बघेल, विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, कलेक्टर अभिजीत सिंह, आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, जीतेन्द्र वर्मा, पार्षदगण, मंडल अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। सभी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए आज़ादी की अहमियत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज़ादी के लिए हमारे महापुरुषों ने अपने प्राणों की आहुति दी और हमें भी अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

नगर निगम और आंगनबाड़ी केंद्रों एवं भाजपा पदाधिकारियो व मंडलो द्वारा भी अलग-अलग स्थानों पर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगे के साथ लोगों की लंबी कतारें, देशभक्ति गीतों की धुन, नारों की गूंज और बच्चों का उत्साह पूरे शहर को उत्सवमय बना रहा। स्वतंत्रता दिवस से पहले जिले के हर कोने में राष्ट्र प्रेम, एकता और सामाजिक सहभागिता का संदेश फैलाया जा रहा है। दुर्ग शहर में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा – हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग नामक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से न केवल देशभक्ति का संचार हो रहा है, बल्कि नागरिकों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा हर घर तिरंगा अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह देश के प्रत्येक नागरिक के हृदय में गर्व, एकता और समर्पण की भावना जगाने का उत्सव है। हमें आने वाली पीढ़ी को आज़ादी का महत्व समझाना होगा और उन्हें राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाना होगा।

महापौर अलका बाघमार ने कहा तिरंगा हमारे सम्मान, एकता और बलिदान का प्रतीक है। जिस तरह हम देश के लिए गर्व महसूस करते हैं, उसी तरह हमें अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए भी संकल्प लेना चाहिए। स्वच्छता और देशभक्ति एक-दूसरे के पूरक हैं।

### स्वतंत्रता दिवस के पहले तिरंगामय माहौल रहा जगह- जगह



### सिने अभिनेत्रियों ने किया हर घर तिरंगा का आह्वान



**भिलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान देश भर में चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में भिलाई जिला भाजपा के अधीन सभी 13 मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। आज भिलाई जिला भाजपा द्वारा वैशाली नगर विधानसभा में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के निमंत्रण पर बालीवुड की सिने अभिनेत्री जयाप्रदा और प्रीति झंगियानी भी भिलाई पहुंची और तिरंगा यात्रा का हिस्सा बनीं। दोनों अभिनेत्रियों ने कहा कि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन का हर कार्यक्रम अनूठा और सफल होता है। स्वच्छता वीर सम्मान, महिला सम्मान, शिक्षक सम्मान, डाक्टर्स सम्मान, एक पेड़ मां के नाम और तिरंगा यात्रा सहित हर कार्यक्रम हिट है इसलिए कलाकार उनके निमंत्रण पर लगातार भिलाई आते हैं। बैकुंठ धाम से निकल बाजार और वार्ड का किया भ्रमणवैशाली नगर विधानसभा की तिरंगा यात्रा बुधवार की शाम 4 बजे से निकली और मिलन चौक, शीतला काम्प्लेक्स, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, पावर हाऊस, विजय काम्प्लेक्स, फल मंडी होते हुए लिंक रोड से जलेबी चौक पहुंची। जहां विधायक रिकेश सेन, जयाप्रदा, प्रीति झंगियानी सहित जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन ने नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया। तेलुगू में बोलीं जया, रिकेश की सक्रियता पर जताया आश्चर्यसिने अभिनेत्री जया प्रदा के स्वागत में आंध्र समाज के हजारों लोग जलेबी चौक पर एकत्रित हो उनका अभिनंदन किया। इस दौरान तेलुगू में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए जयाप्रदा ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की क्षेत्र की जनता को लेकर लगातार सक्रियता पर आश्चर्य जताया।

### तिरंगा फहराने शपथ ली स्कूली बच्चों ने



**अंडा।** आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रोन्नत प्राथमिक शाला थनौद एवं ग्राम पंचायत थनौद के तत्वाधान में हुए एक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराने की शपथ ली। ग्राम पंचायत थनौद से मेनका, दिनेश देशमुख, सचिव रेखा साहू, पूर्णिमा धनकर, उत्तम देवांगन और कमलेश्वरी देशमुख ने तिरंगा फहराने, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर सपूतों की भावनाओं का सम्मान करने और भारत के विकास और प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की शपथ दिलवाई।

### सीआईएसएफ जवानों के साथ विधायक व आयुक्त ने निकाली तिरंगा यात्रा

**भिलाई।** राष्ट्रव्यापी तिरंगा अभियान का आयोजन नगर पालिक निगम रिसाली में किया गया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया । इस दौरान नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के लोगों को तिरंगा भी सौंपा जा रहा है। बुधवार रिसाली निगम मुख्य कार्यालय से तिरंगा यात्रा की शुरूआत हुई। यात्रा को निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने नगर भ्रमण के लिए झंडी दिखाई। कर्मचारियों और नागरिकों ने जयकारे लगाते हुए वार्ड 13 टंकी मरोदा, वार्ड 14 मरोदा टैंक, मरोदा सेक्टर पूर्व, मरोदा सेक्टर पश्चिम का भ्रमण करते हुए तिरंगा यात्रा रिसाली सेक्टर पश्चिम, डीपीएस रिसाली होते हुए वापस मैत्री नगर परशुराम चौक पहुंचा। यहां पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ने परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पद यात्रा करते जोहार चक पहुंचे। विधायक ने शहीद रजनीकांत प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजली अर्पित कर श्रद्धाजंली दी। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद सुनंदा चंद्राकर, रमा साहू, सारिका साहू, शीला नारखेड़े, डॉ. सीमा साहू, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू आदि उपस्थित थे। तिरंगा यात्रा में नगर पालिक निगम रिसाली के कर्मचारी ,नागरिक समेत सीआईएसएफ के लगभग 30 जवान शामिल हुए। वे भारत माता की जयकारे लगाते मार्च किया।



### निकली भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा पूरा शहरः गजेन्द्र

**दुर्ग।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में आज एक अभूतपूर्व और भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में विधायक गजेन्द्र यादव, भाजपा परिवारजन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और हजारों की संख्या में शहरवासी, युवा, विद्यार्थी एवं महिलाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शहीद चौक से बाजे गाजे के साथ निकली यात्रा में हजारों युवा और विद्यार्थियों के हाथों में लहराते तिरंगे और "भारत माता की जय" के जयघोष से पूरा शहर देशभक्ति के रंग में रंग गया। शहीद चौक से निकली भव्य यात्रा अग्रसेन चौक, श्री शिवम, पोलसाय पारा, तकियापारा, होटल मान, फूल चौक इंदिरा मार्केट, मोती काम्प्लेक्स होते हुए पुराना बस स्टैंड में समापन हुआ। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान और पुरुष वर्ग ने केसरिया पगड़ी पहनकर यात्रा की शोभा बढ़ाई, तो युवाओं ने देशभक्ति के गीतों पर झूमकर अपनी ऊर्जा का प्रदर्शन किया। यात्रा में सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, नवनियुक्त प्रदेश मंत्री जीतेन्द्र वर्मा, जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, पार्षदगण, मंडल अध्यक्ष, कलेक्टर अभिजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा परिवारजन उपस्थित रहे।



### तिरंगा अभियान रैली में रही जनभागीदारी



**अंडा।** शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला परसदा डगनिया संकुल केंद्र परसदा विकासखंड गुण्डरदेही में मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत शाला के बच्चों के द्वारा ग्राम स्तर पर रैली निकाल कर प्रचार प्रसार किया गया। जिसमें शाला प्रबंधन समिति के के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों व ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच गण ग्राम के प्रमुख नागरिक गण सम्मिलित हुए। शाला स्तर पर बनाए गए सेल्फी जोन से प्रेरित होकर ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व पदाधिकारी के प्रत्येक घरों में तिरंगा फहराया गया। भ्रमण के पश्चात शाला स्तर पर बच्चों के द्वारा रंगोली, ड्राइंग सीट, मानव श्रृंखला बनाया गया।



### नगर पंचायत पाटन में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

**पाटन।** हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को नगर पंचायत पाटन में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। नगर पंचायत के सभी वार्ड में गलियों का भ्रमण करते हुए यह यात्रा वापस नगर पंचायत पाटन पहुंची। यात्रा की शुरुआत नगर पंचायत के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत वर्मा ने की। पूरा पाटन नगर आज भारत माता की जयकारा से गूंज उठा। नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, उपाध्यक्ष निशा सोनी सागर सोनी मिलना देवांगन पार्षद केवल देवांगन पार्षद जितू निर्मलकर बिज्जू एवं पार्षद ने भी हाथ में झंडा थामे तिरंगा यात्रा के आगे आगे चल रहे थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पंचायत पाटन के सभी पार्षद, भाजपा नेता, नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी तथा स्कूली बच्चे मौजूद रहे।



### कुम्हारी भाजपा मंडल ने निकाली तिरंगा रैली

**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल द्वारा बुधवार को नगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा कांजी हाउस हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर गौरव पथ होते हुए वार्ड -1,5,3 और 4 से बाजार चौक बाजार चौक होते हुए महामाया रोड, प्रभात चौक, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड क्रमांक 15 से होकर स्टेशन चौक ओवर ब्रिज के नीचे पूरी हुई। इस यात्रा में रास्ते भर कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारे लगाए। इस तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से मंडल के समस्त पदाधिकारी नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा , रामकुमार सोनी, राकेश पाण्डेय, धर्मेंद्र सिंन्हा, मिथिलेश यादव राजकुमार सिंह, पी एन दुबे, उमेश साहू, फिंगेश्वर साहू, दीपक चतुर्वेदी, इमरान रिजवी, अश्वनी देशलहरे, गोविंद बघेल, ओंकार मारकंडे, प्रीति यादव, सुनीता कुर्रे, तृप्ति चन्द्राकर, जयलक्ष्मी ,पिंकी, रागिनी निषाद, नारायण सोनकर, जेपी सिंह, ऊधो राम साहू, उमेश्वरी साहू, लता निषाद, डिकेश पटेल, अश्विनी देशलहरे आदि शामिल हुए।



### भारतीय जनता पार्टी कैंप मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी कैंप मंडल द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन स्वतंत्रता दिवस से पूर्व, भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार ¤घर-घर तिरंगा, हर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत, कैंप मंडल द्वारा दुर्गा मंदिर वार्ड 34, कैंप-2 भिलाई से 'माँ तुझे प्रणाम तिरंगा यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात यात्रा का शुभारंभ हुआ। रैली का मार्ग मिलन चौक, साहू लकड़ी टाल, शारदा पारा, किसान चौक, जे.पी. नगर, कैंप-1 सहित विभिन्न स्थानों से होते हुए जलेबी चौक मंडल कार्यालय तक रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता त्रिलोचन सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता, अशोक यादव, पार्षद प्रियंका भोला, लक्ष्मी धर्मेंद्र दीवाकर, संजय सिंह, विनोद चेलक, सत्यदेवी जायसवाल, महामंत्री लतेल यादव, विजय वर्मा, अवतार मेहरा, रामेश्वरी सिन्हा, राजेश चौधरी, भगवती साव, रिंकू पाल, नवीन सिंह, राजेश सेन, गणेश सोनी, आशुतोष तिवारी, शैलजा राजू, ममता भारद्वाज, नेहा सिंह, प्रतिभा चौहान, बोल बम गुप्ता, रमेश चौधरी, धरम पाल यादव, अतुल चक्रवर्ती, तरुण धकेता, मयूर तुमले, गणेश साहू,चिन्ना राव, नीलकमल तथा पूर्व मीडिया प्रभारी नासिर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

### भाजपा जामगांव आर मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

**जामगांव आर।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भाजपा जामगांव आर मंडल द्वारा बुधवार को दक्षिण पाटन क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरुआत ग्राम बटरेल से भारत माता की पूजा-अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मंडल महामंत्री निर्मल जैन, पूर्णेंद्र सिन्हा, नरेश केला, भाजयुमो नेता नारद साहू और रैली संयोजक श्रीकांत चंद्राकर ने संयुक्त रूप से किया। तिरंगा यात्रा बटरेल से प्रारंभ होकर गातापार, बेल्हारी, टेमरी, सुरपा, निपानी, रानीतराई, कौही, असोगा, करेला और भरर होते हुए जामगांव आर पहुंची। यात्रा के दौरान देशभक्ति के गीत, नारे और तिरंगे की लहराती पताकाओं से वातावरण देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत हो गया। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा और नारों के साथ रैली का स्वागत किया।रानीतराई में तिरंगा यात्रा को विशेष बल तब मिला जब दुर्ग के सांसद श्री विजय बघेल शामिल हुए। उन्होंने रानीतराई से जामगांव आर तक बाइक चलाकर यात्रा में भाग लिया। जामगांव आर के किसान चौक में पहुंचकर सांसद ने पूजा-अर्चना की और अपने संबोधन में कहा कि देशप्रेम और राष्ट्रवाद की भावना हमारे जीवन का सबसे बड़ा प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सभी से अपील की कि हम अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें और तिरंगे का सम्मान हमेशा बनाए रखें।बेल्हारी के शिवाजी चौक और जय जवान जय किसान चौक पर नागरिकों ने रैली का गर्मजोशी से स्वागत किया। बेल्हारी में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। राष्ट्रप्रेम सबसे बड़ा धर्म है और आजादी हमें बलिदानों की अमूल्य विरासत से मिली है।



### हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव




**भिलाई।** जल शक्ति एवं संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से 79 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' साप्ताहिक कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इस अभियान की परिकल्पना सामुहिक उत्सव और नागरिक एकता की भावना पर आधारित है। स्वतंत्रता के सार को स्वच्छता एवं सुजलता के संकल्प के साथ जोड़ा गया है। इस उत्सव के अंर्तगत जल एवं स्वच्छता के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के संकल्प को सुदृढ़ किया गया है, जिसमे ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित जल आपूर्ति और स्थायी स्वच्छता को सुनिश्चित करना है। अभिजित सिंग, कलेक्टर दुर्ग के निर्देशानुसार अभियान को सफल बनाने के लिए जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने एवं ग्राम जल स्वच्छता समिति, स्वच्छाग्रही, स्वंय सहायता समूह, पंचायती राज संस्थाओं, साथ ही स्कूली बच्चों, स्वच्छता प्रेरकों को इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित करने के लिए विशेष रणनीति का निर्माण किया गया है। अभियान के दौरान किए जाने वाले सभी गतिविधियों का प्रत्येक दिन का रिपोर्ट, फोटोग्राफ, सफलता की कहानी को भारत सरकार की वेबसाईट पर अपलोड किया जा रहा है। अन्य माध्यम से साझा करने के साथ-साथ व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जिले के सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए हैशटैग माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं।

### बच्चों ने तैयार किए मेगा टिंकरिंग डे पर प्रोजेक्ट



**अंडा।** नीति आयोग द्वारा आयोजित मेगा टिंकरिंग डे पर अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) अंडा में 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सुबह एक घंटे की मेगा टिंकरिंग लैब (एटीएल) में बच्चों ने नवाचार पूर्ण एवं डू-इट- योरसेल्फ प्रोजेक्ट का निर्माण किया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, समस्या समाधान कौशल और स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित) के प्रति रुचि को बढ़ावा देना है। देशभर के 10,000 से अधिक एटीएल और लगभग 1.1 करोड़ छात्र इस आयोजन का हिस्सा बने। जो 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 722 जिलों में एक साथ जुड़े। यह भारत का सबसे बड़ा टिंकरिंग आयोजन है। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना और तकनीकी व वैज्ञानिक सोच की दिशा में अग्रसर करना है। इस अवसर पर प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर, पद्मावती राव,व अटल लैब प्रभारी रेणुका चंद्राकर व अन्य सदस्य ममता वर्मा, सुमन मिश्रा, श्वेता भिमटे उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

**ईश्तहार**


रा.प्र.क्र.-202505102700022/अ-74/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सुरज लोधी पिता पवन कुमार लोधी, निवासी ग्राम परसदाखुर्द, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम बिरेझर, प.ह.नं.- 09, तहसील बोरी स्थित भूमिखसरा नंबर 1115/2, 1116/2, 1116/3, 1194/2 रकबा क्रमशः 0.47, 0.43, 0.14, 0.02. हे0 जोकि सुरज पिता पवन कुमार व अन्य-03 के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैंक चालान, नक्शा, खसरा एवं बी.1 की नकल, नोड्युज, पुलिस रिपोर्ट की कापी, आधारकार्ड, तलवाना सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक के नाम पर द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 25.08.2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील-बोरी, जि.-दुर्ग (छ.ग.)



**गर्भस्थ ब्लाक जामगांव आर की ओर से स्वतंत्रता दिवस 2025 की अग्रीम बधाई हार्दिक शुभकामनाएं बारम्बार...**
**जामगांव आर को है... ब्लॉक का दर्जा शासकीय अस्पताल और उप डाकघर की दरकार कृपया विनती स्वीकारो सरकार...**

15 August
स्वतंत्रता दिवस एवं
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं!



श्रीमती कल्पना नारद साहू
सभापति - जिला पंचायत दुर्ग

विनीत : समस्त कार्यकर्ता जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 12, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## ग्राम पंचायत अकताई (चारभांठा रिवागहन)
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की अग्रीम हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
आपरेशन सिंदूर का संदेश घर-घर छाई है
पाक के नापाक इरादों को कुचल भारत में घर-घर तिरंगा लहराई है।




माधुरी नरोत्तम निषाद
सरपंच
नरोत्तम निषाद
सरपंच निज प्रतिनिधि
दीपा मारकंडे (उपसरपंच)
कामता पटेल (सचिव)

-:पंचगण:-
पीताम्बर मारकंडे, डॉ. देवेंद्र साहू, जीधन साहू, देवराज ठाकुर, मनोज मंडावी, हरीश साहू, पुष्पा साहू, पुष्पा सिन्हा, उषा रात्रे, यमुनाबाई ठाकुर, कुलेश्वरी ठाकुर, बुधयारिन बाई ठाकुर, दिनेश चंद्राकर (रोज.सहायक), योगेश ठाकुर (भृत्य)

विनीतः ग्राम पंचायत अकताई (चारभांठा रिवागहन)

## ग्राम पंचायत कुम्हली
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की अग्रीम हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कुम्हलेश्वर महादेव की कृपा सब भक्तों पर बनी रहे।
अमन चैन से जीवन सब जिए आशीर्वाद मिलती रहे।



टिकेश्वरी सोहन ठाकुर
सरपंच
विजय साहू (उपसरपंच)
गेंदलाल साहू (सचिव)

-:पंचगण:-
खिलावन साहू, मेहत्तर साहू, निशा सूर्यवंशी, यामिनी साहू, दिनेश्वरी साहू, मोगन सपहा, तिहारू महिपाल, हसीना डहरे, पोरा बाई डहरिया, अनुराधा साहू, प्रेमलता साहू, मोनिका साहू, बालमकुंद (रो.सहा.), पेमन साहू (कम्प्यूटर आपरेटर)

विनीतः ग्राम पंचायत कुम्हली, वि.ख.-पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## ग्राम पंचायत गातापार
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस की अग्रीम हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
नई पारी है... नई जिम्मेदारी है... देश की शासकीय सेवा से निवृत हुए तो..
अब सरपंच बन जन्मभूमि सेवा की बारी है!



रेवाराम साहू
सरपंच
दिलीप साहू
उपसरपंच
अंगेश्वर दास मानिकपुरी
सचिव

-:पंचगण:-
युवराज साहू, गीतेश्वरी, पवन कुमार साहू, कौशल्या साहू, संतोषी, टामेश्वरी साहू, नोमेश कुमार साहू, देवनारायण साहू, सुनीति बाई, ढालूराम साहू, उमाबाई, जितेन्द्र विश्वकर्मा, मदनलाल ठाकुर, प्रेमिन साहू, गंगा बाई भूषण कुमार (कम्प्यूटर आपरेटर), चोवाराम नेताम (रोजगार सहायक)

## भारत माँ के देश भक्त संतानों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस की अग्रीम हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आओ स्वतंत्रता दिवस 2025 मनाएं... आपरेशन सिंदूर की सफलता पर घर घर तिरंगा फहराएं।
शहीद महापुरूषों को नतमस्तक शीश झुकाएं... पूर्वजों के सपनों को साकार करने मन में दृढ़ता लाएं।
नापाक इरादे वालों से सावधान हो जाएं... अतीत से सबक ले गफलत में जीवन नहीं बिताएं।
देश प्रेमी बनकर गद्दारों के विरूद्ध अलख जगाएं... राष्ट्र सर्वोपरि का सिद्धांत अपनाएं।
देश को जो ना करें प्रेम उन्हे बाहर का रास्ता दिखाएं... पद लोलुप लुटेरों को सबक सिखाएं देश बचाएं।
आओ स्वतंत्रता दिवस मनाएं राष्ट्र भक्ति का गीत गाएं।
शुभेच्छु : एक देश प्रेमी

## जमुना एच पी गैस एजेंसी कुम्हली
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की अग्रीम हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चुल्हे से मुक्ति मिली... घर घर पहुंच रही रसोई गैस।
उपभोक्ता आवाज दे घर पहुंच सेवा जारी है।




विनीतः जमुना एच पी गैस एजेंसी कुम्हली, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

संकलनकर्ताः आसकरण जैन, वरिष्ठ पत्रकार जामगांव आर, मो.: 9406268237

# दिन में बदली और उमस, रात को बरसे बादल, मिली थोड़ी राहत

**दस दिनों से नहीं हो रही थी, आज भारी बारिश का अनुमान**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

ट्विनसिटी में बुधवार बारिश का इंतजार होता रहा। मौसम विभाग ने बुधवार से भारी बारिश के लिए एलर्ट जारी किया था। बुधवार की अलसुबह कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई और उसके बाद आसमान पर बादल जरूर छाए रहे लेकिन बरसे नहीं। धूप भी बीच-बीच में निकली। जिसकी वजह से वातावरण में उमस पैदा हो गई। देर शाम फिर से आसमान पर काले-काले बादल मंडराने लगे। रात करीब 8 बजे बादल बरसे। जहां बारिश हुई वहां उसमभरी गर्मी से लोगों को राहत जरूर मिली।

### मौसम विभाग, आज भारी बारिश की संभावना

लालपुर मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर ने गुरुवार को भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों में बस्तर संभाग और उससे लगे रायपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में व्यापक और अच्छी बारिश होने की संभावना है। बिलासपुर संभाग के जिलों में समान्यतः बादल छाए रहेंगे तथा हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।



### 12 मिलीमीटर औसत बारिश है कम

जिले में औसत बारिश 12 मिलीमीटर कम है। पिछले साल वर्ष 2024 में 13 अगस्त तक 633.5 मिलीमीटर बारिश हुई थी। इस बार 556.8 मिलीमीटर बारिश हुई है। किसानों के खेत सूख गए हैं इसलिए उन्हे हर रोज अच्छी बारिश का इंतजार करना पड़ रहा है।

### इस तरह सिस्टम कर रहा काम

मौसम विभाग के मुताबिक एक निम्न दबाव का क्षेत्र पश्चिम मध्य और उत्तरी आंध्र प्रदेश तथा दक्षिणी ओडिशा के तटों से तो उत्तर पश्चिमी बंगाल की खाड़ी पर बना हुआ है। मानसून द्रोणिका औसत समुद्र तल पर भंडिटा, वाराणसी, झारसुगुड़ा से होकर पश्चिम मध्य और उससे सटे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा तटों पर स्थित निम्न दबाव का क्षेत्र के केंद्र तक जा रही है।

## खबर संक्षेप

### मेनगेट परेड ग्राउंड में निदेशक प्रभारी करेंगे ध्वजारोहण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेनगेट परेड ग्राउंड में मुख्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। मुख्य अतिथि संबोधन बाद परेड का निरीक्षण करेंगे व मार्च-पास्ट सीआईएसफ, अग्निशमन व एनसीसी व स्काउट एंड गाइड द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख स्थानों पर ध्वजारोहण सुबह 8:15 बजे किया जाएगा। संयंत्र भवन, इस्पात भवन, एक्सपांशन भवन, रिफैक्ट्री स्टोर्स, एचआरडी सेंटर व नगर सेवाएं विभाग में कार्यपालक निदेशकों और सीईजेड कॉम्प्लेक्स में कार्यकारी कार्यपालक निदेशक द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। अन्य विभागों में विभाग प्रमुख, इस्पात क्लबों में क्लब के अध्यक्ष तथा विद्यालयों में विद्यालय प्रमुखों के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। भिलाई महिला समाज द्वारा जेएलएन अस्पताल में ध्वजारोहण व मरीजों को फल वितरण किया जाएगा। क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिविक सेंटर स्थित, महात्मा गाँधी कलामंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम (ऑर्केस्ट्रा) का आयोजन शाम 7:30 बजे से किया जाएगा अंतरविभागीय संगीत प्रतियोगिता के विजेता कलाकार प्रस्तुति देंगे।

### युक्तियुक्तकरण से बच्चों को मिले शिक्षक

**दुर्ग ।** युक्तियुक्तकरण नीति से जहां एक ओर स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था में सुधार आया, वहीं दूसरी ओर बच्चों का भविष्य उज्जवल हो रहा है। इसका लाभ ग्रामीण अंचलों के प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में देखने को मिल रहा है। शिक्षकों की कमी के चलते एक स्थिति ऐसी आ गई थी कि लोग सरकारी स्कूल को छोड़कर प्राईवेट स्कूल की ओर रूख बदल रहे थे। दुर्ग जिले का हनोदा गांव के प्राथमिक स्कूल में भी इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। जहां पहली से पांचवी तक के बच्चे अध्ययनरत है। पहले बच्चे समय पर स्कूल तो जाते थे, लेकिन शिक्षकों के कमी के कारण सभी कक्षाओं में पढ़ाई नही हो पाती थी। वर्तमान में हनोदा स्कूल के बच्चों को तीन नये शिक्षक मिलने से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

**मिसाल : 'सेवा' कर रही अनफिट व दिवंगत संयंत्र कर्मियों के परिजनों की मदद**

# आधी सदी पूर्व आजादी की बेला में हजारों फौलादियों की मदद का जगा था जज्बा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नहीं ढलता बल्कि यहां के फौलादी कर्मवीरों के दिलों में साथी हाथ बढ़ाना की तर्ज पर एक दूसरे की मदद का जज्बा भी बखूबी दिखाई देता है। सामूहिकता, एकता और भाईचारे के ऐसे ही भाव ने आज से पचास साल पूर्व स्वतंत्रता दिवस की वेला में एक ऐसी प्रसिद्ध सामाजिक संस्था को जन्म दिया, जो अब तक न सिर्फ हजारों बीएसपी कर्मियों और उनके परिवार की आर्थिक इमदाद कर चुकी है। देश के सार्वजनिक उपक्रमों में सबसे बड़ा संगठन सेवा ( स्टील इम्पलाईज वेलफेयर एसोसिएशन ) श्रमवीरों की सेवा करने वाला एक अनुकरणीय मिसाल है।

हर कर्मी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल इस आदर्श सूत्र को बीएसपी कर्मचारियों की सामाजिक संस्था सेवा वर्षों से चरितार्थ कर रही है। कुछ सदाशयी कर्मियों व अधिकारियों के सुझाव पर पंद्रह अगस्त 1973 को स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक द्वारा स्थापित स्टील इम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन (सेवा) अपनी विभिन्न वेलफेयर योजनाओं से हजारों सदस्यों की मदद कर चुका है। बिना किसी सरकारी या बाहरी मदद के सिर्फ आपसी सदस्यता शुल्क से 52 वर्ष से लगातार अपने सदस्यों के लिए सेवा गतिविधियां संचालित कर रही है।

मात्र दो रुपए सदस्यता शुल्क से शुरु आज 2 सौ रुपए शुल्क होने तक यह सेवाभावी संगठन करीबन 25 हजार बीएसपी कर्मी सदस्यों व उनके आश्रित परिवार की आर्थिक मदद का रिकार्ड कायम कर चुका है। इतना ही नहीं कर्मियों के रिटायर होने पर जमा सदस्यता शुल्क भी वापस कर दिया जाता है। सेवा द्वारा 2022 में कोविड से मृत 267 बीएसपी कर्मियों के आश्रित परिवार को 4, 4 लाख रुपए की बड़ी आर्थिक मदद की गई। कुल 10 करोड़ 68 लाख रुपए की सहायता दी गई। इसके अलावा जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी की शैली में पिछले 5 साल से संचालित ग्रुप एक्सीडेंटल पर्सनल इंश्योरेंस स्कीम (जीपीआईएस) के तहत अब तक प्रति कर्मी 30 लाख से 50 लाख रुपए की मदद आश्रित परिवार को दी जा चुकी है। हर साल 10 परिवार को दुर्घटना बीमा का लाभ मिल रहा है।

**स्टील इम्पलाइज वेलफेयर एसो. ने कोविड पीड़ितों के परिवार की सहायता**



### शारीरिक अक्षमता से अयोग्यों की भी आर्थिक रुप से मदद की

सेवा संस्था द्वारा शारीरिक अक्षमता के आधार पर नौकरी के लिए अयोग्य घोषित बीएसपी कर्मी को भी 40 हजार व मेडिकल अनिफिट होने पर 6250 रुपए राशि की सहायता प्रदान की जाती है। इतना ही नहीं नेचुरल मृत्यु पर भी अलग से डेढ़ लाख रुपए कंट्रीब्यूशन के अलावा आश्रित परिवार को दिए जाते हैं। संस्था से जुड़े सदस्यों के मुताबिक सेवा जरुरतमंद व कर्मियों का एक बड़ा सहारा है, जिससे आर्थिक मदद ही नहीं भावनात्मक संबल भी मिलता है। अस्सी के दशक में 70 हजार बीएसपी कर्मचारी सदस्यता वाले इस सेवा संगठन के 13 हजार कर्मचारी अधिकारी सदस्य हैं। तेइस साल पूर्व सेवा का गठन प्रसिद्ध श्रमिक व इंटक महासचिव स्व. रवि आर्य के कार्यकाल में कर्मियों द्वारा किया गया था।

### खुद सदस्य करते हैं संचालन

सेवा संस्था का संचालन मेंखुद सदस्यों की भागीदारी होती है। इसके लिए वे 15 सदस्यीय कार्यकारिणी बाडी का 5 साल के कार्यकाल के लिए चुनाव करते हैं। इसमें 1 अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व 2 संयुक्त सचिव, 1 कोषाध्यक्ष सहित 9 कार्यकारिणी सदस्य होते हैं। हेड आफ पर्सनल चेयरमेन के अलावा बीएसपी व डीआईसी 4 सदस्य नामिनेट करते हैं और 10 सदस्यों का निर्वाचन होता है। स्टील वेलफेयर एसो. सेवा के वर्तमान अध्यक्ष बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर और सचिव मनीष पंत हैं। कोषाध्यक्ष एन आशा, उपाध्यक्ष बीबी मिश्रा और गवर्निंग बाडी के सदस्य सीजीएम समीर गुप्ता, जीएम संजय द्विवेदी, सीनियर मैनेजर कृष्णानंद राय, राजेश चौहान, शैलेष सिंह, एसएन पांडेय व मुकुल वर्मा हैं।

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कार्य में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

वर्षा जल संरक्षण एवं गिरते भू-जल स्तर को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी जोन आयुक्तों को निर्देशित किए है, कि अपने जोन क्षेत्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण ज्यादा से ज्यादा कराएं।

- आयुक्त ने दिए निर्देश

इसके लिए मकान मालिकों, होटल, स्कूल, कालेज, अस्पताल एवं शासकीय भवनों में जल संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने जन जागरूकता के साथ प्रेरित किया जाना है। जल संरक्षण के क्षेत्र में नगर निगम भिलाई का विशेष पहल जारी है। जिन घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्मित नहीं है वहां चयनित एजेंसी द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से एकत्र किए गए पानी को विशेष संरचनाओं के माध्यम से भूजल में वापस पहुंचाया जाता है। बारिश के पानी को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कर भूजल का रिचार्ज किया जा सकता है, जिससे कुओं या बोरवेल में पानी की उपलब्धता बढ़ाई जा सकती है।

# 15 अगस्त पर आयुक्त ने चौक-चौराहों की सफाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय में 15 अगस्त को ध्वजारोहण सुबह 7:30 बजे जोन के जोन अध्यक्ष, पार्षदगण एवं जोन के सभी अधिकारी, कर्मचारियो की उपस्थिति में किया जाएगा। सुबह 8 बजे मुख्य कार्यालय में महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, एमआईसी सदस्य एवं पार्षदगण की उपस्थिति में ध्वजारोहण होगा। नगर निगम भिलाई के प्रत्येक विभाग से उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो कर्मचारियो को सम्मानित किया जाएगा।सुबह 8:30 बजे महापौर नीरज पाल द्वारा शहीद उद्यान सेक्टर 5 में ध्वजारोहण होगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निर्देशित किए है कि निगम क्षेत्र के सभी चौंक-चौंराहों की साफ-



सफाई, लाईटिंग, महापुरूषों की प्रतिमाओं की सफाई- धुलाई, माल्यार्पण एवं प्रमुख जगहों पर देशभक्ति के गीत बजाएं। निगम के महापौर एवं आयुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की है कि सभी नागरिक अपने घर पर राष्ट्र के सम्मान में एक तिरंगा झण्डा अवश्य लगाए।

# भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन 18 को



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने पहली बार भाजपा जिला भिलाई के कोर कमेटी की बैठक लेने भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे । बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष, भाजपा जिला भिलाई पुरुषोत्तम देवांगन ने किया। विदित हो कि 2023 में भाजपा जिला कार्यालय बनकर तैयार हुआ था, जिसमें 20 जून 2023 को तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव की उपस्थिति में वास्तु पूजन कर कार्यालय का उपयोग करने की शुरुवात किए थे। आगामी 18 अगस्त मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा कार्यालय का उदघाट्न किया जाना निर्धारित हुआ है । संबंधित विषयों के लेकर प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने जिला कोर कमेटी की बैठक ली। कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर रणनीति बनाई गई। मौके पर जिला प्रभारी संदीप शर्मा, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, निवर्तमान जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू एवं विजेंद्र सिंह, विनोद सिंह उपस्थित थे।

### वित्तीय समावेशन अभियान के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, वित्तीय समावेशन विभाग के निर्देशानुसार एक जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन योजनाओं के संतृप्ति अभियान के अंतर्गत दुर्ग जिले की कोड़िया में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना, पात्र खाताधारकों का पुनः केवाईसी कराना और जनधन, बीमा, पेंशन आदि योजनाओं की जानकारी और लाभ दिलाना था। बैंक प्रबंधक संजय गर्ग ने बताया कि 264 खातों का पुनः केवाईसी किया गया, 12 नए जनधन खाते खोले गए, 36 खातों में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, 23 खातों में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, 6 खातों में अटल पेंशन योजना के अंतर्गत पंजीकरण किया गया।

# मानदेय बढ़ाने और सरकारी कर्मी घोषित किए जाने की मांग को लेकर कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

मानदेय बढ़ाने और सरकारी कर्मचारी घोषित किए जाने की मांग को लेकर कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे 1975 से सेवारत हैं। राज्य में लगभग 01 लाख कार्यकर्ता-सहायिका काम कर रही हैं।

- राज्य में 1 लाख कार्यकर्ता सहायिका कर रही कार्य



गर्भधारण से लेकर प्रसूती, गर्भवती महिला का टीकाकरण, जांच एवं डिलीवरी उसका आहार एवं पूरक पोषण, बच्चों का वजन एवं टीकाकरण, सभी बच्चे 0 से लेकर 06 व वर्ष के उनका पूरक पोषण आहार अनौपचारिक शिक्षा, शिक्षा आहार, कुपोषण से बचाव, सुपोषण, गोद भराई, अन्न प्रासन, बाल भोज, सुपोषण योजना, बाल मित्र बनाना, स्व सहायता समूह बनाना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह, शाला प्रवेश उत्सव सुपोषण चौपाल आदि योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए काम कर रही हैं।

इसके बाद भी कार्यकर्ता को 10 हजार और सहायिका को 5 हजार मानदेय मिल रहा है। इस पर भी कई बार मानदेय में कटौती की जाती है। इसके विरोध में 1 सितंबर को प्रांतीय स्तर पर धरना दिया जाएगा। प्रमुख मांगों में मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि, पर्यवेक्षक में पदोन्नति सहित अन्य मांग शामिल है। संगठन की जिलाध्यक्ष गीता बाग ने कहा कि कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा।

**ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे**

# स्वतंत्रता दिवस पर अमृत सरोवर में फहरेगा तिरंगा, स्वच्छता अभियान भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

महात्मा गांधी नरेगा के निर्मित अमृत सरोवर में सुबह 7.30 से 9 तक तिरंगा यात्रा 15 अगस्त को आयोजित की जाएगी। जिसमें ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और स्वच्छता अभियान शामिल होंगे।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, दुर्ग जिले में अमृत सरोवर (तालाब) के तटों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके साथ ही, तिरंगा यात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें गांव के मुख्य मार्गों को शामिल किया जाएगा। यह यात्रा अमृत सरोवर स्थलों को भी कवर करेगी। इस अवसर पर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, और सामूहिक परिचर्चा जैसे विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से निर्मित अमृत सरोवरों के तट पर तिरंगा फहराया गया। इसके साथ ही पौधरोपण, तिरंगा यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, सामूहिक परिचर्चा के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि प्रत्येक अमृत सरोवर स्थलों में विशेष उत्सव कार्यक्रम आयोजित करने निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में अमृत सरोवर स्थलों में ध्वजारोहण के आयोजन के साथ ही राष्ट्रीय गान किया गया। इसमें ग्रामीणों की सहभागिता के साथ आमजन द्वारा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए अमृत सरोवर स्थलों को शामिल करते हुए तिरंगा यात्रा का आयोजन भी किया गया।

- गांवों के विभिभन्न मार्गों से तिरंगा यात्रा भी निकाली जाएगी



### मनरेगा के तहत जिले में 123 अमृत सरोवर बनाए गए

जिले में 123 अमृत सरोवर निर्माण किए गए योजना का उद्देश्य प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवरों (तालाबों) का निर्माण या पुनरुद्धार किया गया है, जनपद पंचायत धमधा 50 जनपद पंचायत दुर्ग 36 एवं जनपद पंचायत पाटन में अमृत सरोवर निर्माण कार्य किये गये है। इस वर्ष के समारोह का विषय, एक सरोवर, एक संकल्प संरक्षण का अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस विषय के अनुरूप, यह सुझाव दिया गया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना प्रत्येक ब्लॉक-स्तरीय और उससे ऊपर के अधिकारी औपचारिक रूप से एक अमृत सरोवर को गोद लें।

### बताई जाएगी स्वतंत्रता दिवस की महत्ता

आमजनों, समुदाय के सदस्यों और स्थानीय स्कूल के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक का मंचन आदि सांस्कृति कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। अमृत सरोवर स्थलों पर स्वच्छता अभियान के साथ ही स्वतंत्रता दिवस की महत्ता, पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास आदि बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए सामूहिक परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी परिचर्चा आदि कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के ग्रामीण, स्कूल, कालेज के छात्र-छात्राएं, स्व-सहायता समूह और स्थानीय कर्मचारियों आदि सहित सभी हितग्राहियों शामिल हुए।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 14 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129




परंपरा और ट्रेंड साथ-साथ

लाइव इवेंट

## अनुशासन और नए अवसरों को पहचाने विद्यार्थियों की नई यात्रा की शुरुआत



**भिलाई।** कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन सीसीईटी ऑडिटोरियम में किया। कार्यक्रम के दौरान नए विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों समर्पण, अनुशासन से परिचित कराया गया। इस दौरान प्रो पुष्पिता दासगुप्ता ने नए शैक्षणिक सफर के लिए एकता और साझा सपनों की भावना व्यक्त की।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रभारी डॉ. जितेन्द्र तिवारी ने शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को जिज्ञासा, अनुशासन और नए अवसरों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यकारी उपाध्यक्ष रेव. डॉ. पीएस वर्गीस ने नैतिकता, विश्वास और शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर प्रेरक विचार रखे। सीसीईटी अध्यक्ष एच.जी. अलेक्सियस मार यूसेबियस ने बच्चों को उद्देश्य, विनम्रता और ईमानदारी के साथ ज्ञान अर्जित करने पर बल दिया। शैक्षणिक परिचय सत्र में प्रमुख संकाय सदस्यों ने अपने विचार साझा किए। विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना चौधरी और डॉ. पी. एस. राव ने विद्यार्थियों को विकासशील मानसिकता अपनाने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने, विभागीय लक्ष्य, तकनीकी शिक्षा मार्ग और नवाचार के महत्व पर चर्चा की। परीक्षा प्रभारी अमृता बंजारे ने विश्वविद्यालय परीक्षा प्रक्रिया को बताया। डॉ. सुधा सिंह ने विस्तृत पुस्तकालय सुविधाओं एवं डिजिटल लर्निंग संसाधनों का परिचय कराया।

लाइव इवेंट

## देशभक्ति गीतों का आयोजन आज

**दुर्ग।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या गुरुवार 14 अगस्त को पुराना बस स्टैंड में शाम 6 से रात्रि 10 बजे तक ए मेरे वतन के लोगों देशभक्ति गीतों एवं अन्य गीतों का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं पार्षद उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि इस अवसर पर शहर के गायक कलाकारों की ओर से प्रस्तुति दी जाएगी। गायक कलाकारों में पुष्पांजलि हिरवानी, श्रीजा दलाल, त्रिलोक सोनी, युनुस चौहान, गुलाब चौहान, तुलसी सोनी, रमन सिंह, हाजी मिर्जा साजिद बैग, शारिक अली मन्नी, रजनीश श्रीवास्तव, जाहिद अली, संजय दुबे, मतीन भाई सहित अन्य गायक कलाकारों द्वारा देशभक्ति एवं अन्य गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

सिटी इवेंट

## ब्रेस्ट फीडिंग से बनता है भावनात्मक रिश्ता, बीमारियों से होता है बचाव



**भिलाई।** एम जे कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग में स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत विविध प्रकार के प्रतियोगिताओं और मुक नाट्य का प्रदर्शन किया गया। सात दिवसीय इस आयोजन में वाद विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, फूड एग्जिबिशन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और नाट्य के माध्यम से माताओं को ब्रेस्ट फीडिंग को प्राथमिकता देने, उसके लाभ और मां-शिशु के बीच भावात्मक रिश्तों को समझाया गया।

स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय की डायरेक्टर डॉ श्रीलेखा विरूलकर और असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ अनिल कुमार चौबे उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर की गई। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को ब्रेस्ट फीडिंग और पोषण आहार से संबंधित जानकारी के संबंध में जागरूकता प्रदान करने के लिए किया गया था।

**ये रहे विजेता :** पोस्टर मेकिंग कांपीटीशन में प्रथम स्थान कृषिका देवांगन, द्वितीय कामिनी टंडन रही। वही फूड एग्जिबिशन में प्रथम दिव्या, द्वितीय मीनाक्षी निर्मलकर रही। क्विज कांपीटीशन में साक्षी खूंटे समूह प्रथम स्थान और द्वितीय समूह रमन सिंह रहे। वाद विवाद प्रतियोगिताओं में उमा ठाकुर समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पिछले वर्ष के अकादमी उत्कृष्टता के लिए रानी दिवाकर, गिरजा पाल, कामिनी टंडन, सिद्धि साहू सहित अन्य विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

लाइव इवेंट

## सर्व समाज ने मिनीमाता के कार्यों को किया याद

**उतई।** अविभाजित छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की पुण्यतिथि मिनिमाता चौक डुंडेरा में मनाई गई। उपस्थित लोगो ने मिनिमाता के प्रतिमा में माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर नमन किया व मिनिमाता के द्वारा सर्व समाज व मानव उत्थान के लिए किये गए कार्यो को याद किया। इस अवसर पर नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने कहा कि मिनीमाता ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिये समर्पित किया। इस दौरान सतनामी समाज अध्यक्ष द्वय कीर्तन कोसरे, बिशेसर कुर्रे, साहू समाज मे अध्यक्ष छंगा साहू, पार्षद खिलेंद्र चंद्राकर,पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे, पवन बंजारे,चंदूलाल मगायकवाड़,प्रदीप बंजारे, इंद्रजीत सोनी, होमेन्द्र साहू आदि मौजूद थे।



● "कमरछठ की रौनकः पसहर चावल की खुशबू और सजे बाजार में उमड़ा जनसैलाब"

# कमरछठ व्रत- पसहर चावल, चुकिया, भैंस का दूध और घी हुआ महंगा, संतानों के लिए महिलाएं आज रखेंगी उपवास

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक तीज-त्योहारों में से एक भाद्र पद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को हलषष्ठी यानी कमरछठ का पारंपरिक पर्व आज मनाया जाएगा। वैसे तो छत्तीसगढ़ अपनी परंपराओं और संस्कृति के लिए विख्यात है। छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद से यहां की संस्कृति की चर्चाएं अब देश के बाहर भी होने लगी है। छत्तीसगढ़ की पहचान इन्हीं त्यौहारों और पर्वों से है। यहां हर समय आस्था, भक्ति और श्रद्धा के दर्शन होते हैं। हलषष्ठी सुदीर्घजीवी संतान प्राप्ति की कामना के लिए मनाया जाना वाला पर्व है। संतान की सुख-शांति, उज्जवल भविष्य और दीर्घायु का पर्व है। इस दिन भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था।





**भिलाई।** पंडित और आचार्यों की मानें तो बलराम के शस्त्र हल और मुसल होने के कारण इस व्रत का नाम हलषष्ठी पड़ा। इसे बलराम जयंती के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन महिलाएं अपनी संतान की लंबी आयु, सुख, शांति और समृद्धि की कामना के साथ उपवास रखती हैं। वे चना होरा, महुवा, अरहर, मक्का, मूंग, लाई, सुहाग सामग्रियां, पीतवर्णी वस्त्र, श्रीफल, काश के फूल, पत्तियां, विभिन्न प्रकार के फूल, भैस का दूध, दही, मक्खन और घी अर्पित कर पूजन-अर्चना के साथ कथा श्रवण करती हैं।

इस वजह से बाजार में भैंस के घी, दूध, मख्खन और पसहर चावल की डिमांड बढ़ जाती है। इस बार भी चावल एक ग्लास 50 रु और 200 रुपए किलो तक में बिक रहा है। बाजारों में इसकी खासी डिमांड भी है।

### कमरछठ का व्रत आज, कोई संशय नहीं

इस बार भी हलषष्ठी 14 अगस्त यानी गुरुवार को ही मनाई जाएगी। इस बार कोई संशय ही नही है। इस दिन महिलाओं द्वारा विशेष पूजन सामग्री के साथ यह व्रत पूर्ण किया जाएगा है। तीन दिन पहले से ही बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। शहर की मंडियों में पसहर चावल और फूलों की खरीदारी के लिए सुबह से भीड़ लगी रही। इधर पसहर चावल, लाई, चुकिया, महुआ की बिक्री शुरू हो चुकी है। प्रत्येक वर्ष पसहर चावल की खरीदी हलषष्ठी से 10-15 दिन पहले ही शुरू हो जाती है। पसहर चावल की कीमत इन दिनों मार्केट में दो सौ रुपए किलो तक है। अन्य पूजन सामग्री भी महंगी है। भैंस का दूध और घी में सामान्य दिनों से महंगा है।

### कमरछठ ने बढ़ाई पसहर चावल और पूजा सामग्री की मांग, गांव से लेकर शहर तक रौनक



ग्रामीण क्षेत्रों में किसान खुद पसहर चावल लेकर बाजारों में पहुंचे हुए है। जिसकी ताज़गी और खुशबू खरीदारों को आकर्षित कर रही है। पूजा सामग्री के थाल, गंगाजल की बोतलें और पारंपरिक वस्त्र की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ दिखाई दे रही है।पर्व को लेकर महिलाओं में खास उत्साह है। वे सुबह-सुबह स्नान कर महादेव को पसहर चावल का भोग अर्पित करेंगी और लोकगीतों के साथ सामूहिक पूजा करेंगी।



### पूजा के सामान हुए महंगें, जीवन में सुख-समृद्धि के लिए महिलाएं रखी व्रत

पावरहाउस में पसरा करके दुकान लगाने वाली रुखमणी ने बताया कि हम अपने गांव से ताजा पसहर चावल लेकर आए हैं। इसकी खुशबू इतनी होती है कि ग्राहक खुद खीचे चले आते हैं। कमर छठ में इसका अलग ही महत्व है, इसलिए भाव चाहे जो हो, लोग खरीदते जरूर हैं। त्योहार पर पूजा सामग्री की मांग दोगुनी हो गई है। कूसा, टोकनी, छोटे मटके, फूल, धूप-अगरबत्ती, गंगाजल और पूजा थाल की मांग दो दिन में दोगुनी हो गई है। महिलाएं खास तौर पर रंगीन पूजा थाल और सजावटी सामान पसंद कर रही हैं। **कमर छठ का महत्वः** सावन माह के समाप्त होते ही, भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु के साथ खेतों की अच्छी फसल और परिवार के स्वास्थ्य की कामना को लेकर यह पर्व छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश की महिलाओं द्वारा मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन पसहर चावल का भोग चढ़ाने से जीवन में सुख-समृद्धि और खेतों में भरपूर पैदावार होती है।



# हजारों भक्त रोज कर रहे रामायण पाठ, विष्णु महायज्ञ में दे रहे आहूति

**दुर्ग।** राधाकृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी दुर्ग भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर हो गई है। एक ओर नवधा रामायण का पाठ चल रहा है तो दूसरी ओर मंदिर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की तैयारी चल रही हैं। कॉलोनी में नवधा पारायण रामायण पाठ की शुरुआत सोमवार से हो चुकी है। जहां जोधपुर से विशेष रूप से पाठ को कराने वाले पं. गोपाल आसोपा और पं. सुशील आसोपा ने श्रद्धालुओं को नवधा पारायण रामायण का सामूहिक पाठ करा रहे है। रोज हजारों भक्तों रामायण की चौपाइयों का पाठ कर रहे है। इस दौरान भक्त श्रीराम के भजनों की प्रस्तुति पर भावविभोर होकर झूमते रहे। पाठ रोज दोपहर 2 बजे से शाम साढ़े 6 बजे तक चल रहा। आखिर में रामायण की आरती की गई। मंदिर समिति के प्रमुख चतुर्भुज राठी ने बताया कि रामायण पाठ रोजाना हो रहा है। पाठ में आने वाले भक्तों के लिए क्रमवार रामायण ग्रंथ उपलब्ध कराया जा रहा है। आयोजन में विष्णु महायज्ञ विद्वान पंडितों द्वारा किया जा रहा है। महायज्ञ 18 अगस्त तक रोजाना सुबह साढ़े 7 बजे से किया जाएगा।





# नन्हे बच्चों ने किया कविता पाठ आज शास्त्रीय नृत्य और संगीत

**भिलाई।** हरे कृष्ण मूवमेंट भिलाई सेक्टर 6 में चल रहे हेरिटेज फेस्ट के चौथे दिन छोटे बच्चों द्वारा कविता पाठ की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में निर्णायक जूही व्यास और शम्पा सक्सेना थीं। दोपहर में शास्त्रीय नृत्य, वोकल म्यूजिक हिंदुस्तानी और वाद्य संगीत की प्रतियोगिताएं हुईं। इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में भिलाई के कलाकार दीपेंद्र हलदार, ज्योति शर्मा और अजीत बैनर्जी उपस्थित थे। डीपीएस राजनांदगांव, भिलाई, डीपीएस दुर्ग, मैत्री विद्यानिकेतन, नालंदा पब्लिक स्कूल, श्री शंकर विद्यालय के लगभग सौ विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां दी। सभी विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों से मंदिर का वातावरण अलौकिक हो गया। आज के कार्यक्रमों में कथा वाचन, शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम, सेमि क्लासिकल डांस और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।




## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेक्टर 7 में आकर्षण झांकी 17 तक

# बर्बरीक, पांडव संवाद, राधे कृष्ण का नौका विहार झांकी दे रही जीवन में सकारात्मक बदलाव का संदेश

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में श्री कृष्ण के दिव्य कर्तव्यों को दर्शाती बहते झरनों और नदियों के मध्य लाइट एंड साउंड द्वारा सुसज्जित भव्य जीवंत झांकी सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। 10 से 17 अगस्त तक आयोजित आकर्षक झांकी की शुरुआत वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी, पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।



### मैं के अभिमान को दूर करता संवाद

झांकी के अंत में महाभारत युद्ध के बाद कृष्ण द्वारा पांडवों के मिथ्या अभिमान को सम्पूर्ण महाभारत युद्ध को तटस्थ होकर साक्षी भाव से देखने वाले बर्बरीक के समक्ष दूर करने का अति मनोरम शिक्षाप्रद दृश्य जो वर्तमान परिपेक्ष्य में अभिमान, वश, विभिन्न स्वभाव और संस्कारों द्वारा संबंधों के टकराव में आ जाते हैं इस झांकी में दर्शाया गया है। यह झांकी सभी के लिए 17 अगस्त तक शाम साढ़े 5 बजे से रात साढ़े 9 बजे निशुल्क रखी गई है। जिसमें करावनहार की शक्ति, कर्तव्य एवं विनम्रता का दिव्य दर्शन स्पष्ट, सरल एवं सहज रूप से जीवन में सकारात्मक उच्च धारणाओं को अपनाने की प्रेरणा देता है।

### उमंग उत्साह से भरपूर कान्हा

झांकी के प्रवेश द्वार में ही श्रीकृष्ण के बाल रूप को माखन से भरे पात्रों के मध्य कान्हा के नयनाभिराम दृश्य सभी को उमंग, उत्साह, खुशी और आनंद से भरपूर जीवन जीने का अनुभव करता है जो कि संदेश देता है कि जब हम शुद्ध मन व विनम्रता से भरपूर रहते हैं तो हमारे छोटे-छोटे कर्म भी यादगार बन जाते हैं।

### राध- कृष्ण का नौका विहार मनोरम दृश्य

झांकी के मध्य में बने हंस व पर्वत से बहते झरने और कलकल आवाज करती नदी में राधे-कृष्ण द्वारा नौका विहार निश्चिंत जीवन को दर्शाता है। यह मनोरम झांकी लोगो को भाव-विभोर कर रही है।

### संस्कार मिलन की महारास

भगवान कृष्ण का गोप, गोपिकाओं के साथ संस्कार मिलन की महारास की झांकियों में संदेश लिखे हुए है जो लोगो को देखकर सीखने को प्रोत्साहित करते है। महारास की झांकी में बताया गया कि कोई कैसे भी संस्कार वाले मनुष्य आत्मा हो फिर भी हमें सभी के साथ सदा शुभ भावना और अच्छी कामना के साथ मधुर व्यवहार की महारास करना है।

**सर्व के सहयोग से सुखमय संसारः** झांकी में कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाने का दृश्य भी दिखाया गया है। गोवर्धन पर्वत उठाने वाली झांकी सभी के सहयोग से सुखमय संसार यानी सर्व शक्तिमान जगत नियंता ने स्वयं सभी की अंगुली लगाकर गोवर्धन पर्वत उठाया जो कि उनके विनम्रता की पहचान है।

**भगवान को प्रेम की डोर में बांधाः** कृष्ण लीला में मईया यशोदा द्वारा कृष्ण को रस्सी से बांधने का दृश्य सभी को भाव विभोर कर रहा है। इस झांकी से असीम शक्ति जगत नियंता को मईया यशोदा ने अपने पुत्र के रूप में स्नेह की डोर से बांधा, अर्थात हम सभी भगवान को विभिन्न संबंधों द्वारा स्नेह से बांध सकते हैं।

सिटी इवेंट

## हर घर तिरंगा अभियान, हर्षोल्लास के साथ निकाली साइकिल रैली



**भिलाई।** सामरिक मुख्यालय महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल स्पेशल-ऑपरेशन छत्तीसगढ़ द्वारा भिलाई में हर घर तिरंगा अभियान-2025 के अंतर्गत तिरंगा साइकिल और मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों सहित स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। तिरंगा साइकिल व मोटर साइकिल रैली सामरिक मुख्यालय से प्रारंभ होकर रिसाली चौक, डीपीएस चौक, पंथी चौक, रेल चौक, एसएसबी क्षेत्रीय मुख्यालय होते हुए सामरिक मुख्यालय परिसर में संपन्न हुई। सीमा सुरक्षा बल हर घर तिरंगा अभियान-2025 नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात सभी वाहिनियों एवं नागरिकों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक के साथ मना रहा है। बल अपने अधिकार क्षेत्र के नागरिकों को तिरंगे राष्ट्रीय ध्वज का वितरण कर उन्हें घर-घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित कर रहा है। इस अवसर पर भिलाई स्थित सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों एवं स्थानीय नागरिकों ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

सिटी इवेंट

## मिनीमाता की पुण्यतिथि पर समाज की उत्कृष्ट प्रतिभाएं हुई सम्मानित



**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति सतनाम भवन सेक्टर-6 भिलाई पं क्रं 5716 द्वारा मिनीमाता की 53वीं पुण्यतिथि के अवसर पर ममतामयी मिनीमाता स्मृति दिवस और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन श्रद्धा, कृतज्ञता एवं सामाजिक एकता की भावना के साथ किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संगीता पात्रे, समिति अध्यक्ष बी.एल. कुर्रे, नायब तहसीलदार योगिता बंजारे, ओमेश्वरी जांगड़े, सहायक प्राध्यापक, वंदना, पुष्पा जोशी, समिति उपाध्यक्ष उर्मिला भास्कर उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मिनीमाता के संघर्षपूर्ण जीवन, अस्पृश्यता उन्मूलन, महिला शिक्षा, बाल कल्याण, दहेज प्रथा एवं बाल विवाह उन्मूलन में उनके ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया गया। अतिथियों ने उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में एकता, शिक्षा और सेवा की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सीजी और सीबीएसई बोर्ड 2025 में मेरिट स्थान और नीट, एनआईटी, आईआईटी में चयनित समाज के होनहार विद्यार्थियों को प्रतिभा सम्मान और विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए समाज के युवाओं से शिक्षा, मेहनत और सेवा के मार्ग पर चलने की बातें कही। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि मिनीमाता का जीवन समाज सुधार, महिला सशक्तिकरण और समानता का प्रतीक है। उनका संघर्ष और सेवा भाव हमें यह सिखाता है कि सही दिशा में किया गया प्रयास पीढ़ियों को बदल सकता है। प्रतिभावान छात्र छात्राओं से संवाद के दौरान कहा शिक्षा वह चाबी है जिससे हर तला खोला जा सकता हैं, शिक्षा ही हमारी सबसे बड़ा हथियार है। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवाओं और विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन एनआर गिलहरे और आभार प्रदर्शन राजेन्द्र महिलांग द्वारा किया गया।

सिटी लाइव

## ज्वेलरी, अचार, पापड़ और सजावटी हेंड मेड वस्तुओं की खूब हुई शॉपिंग



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वा वा पाटणकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में उद्योग, अकादमिक एकीकरण कौशल, उद्यमिता एवं रोजगार विकास सेल के तत्वावधान में सावन मेले का आयोजन किया गया। छात्रों द्वारा विभिन्न स्टाल लगाए गए। जिसमें हेंड मेड वस्तुएं जैसे ज्वैलरी, वस्त्र, गृह उपयोगी एवं सजावटी वस्तुएं, मसाले, अचार पापड़, स्वादिष्ट स्नैक्स, भेल, गुपचुप की प्रदर्शनी लगाकर विक्रय किया गया। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि हर वर्ष महाविद्यालय में सावन मेले का आयोजन होता है, जिसमें छात्राएं उत्साहपूर्वक भागीदारी करती है। वर्तमान छात्राएं और भूतपूर्व छात्राएं जिन्होंने अपना स्टार्ट अप शुरू किया है उन्हें प्रदर्शनी और सेल के लिए मंच प्रदान गया। क्योंकि आने वाला समय इन कौशलों का होगा, जिनकी सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक जानकारी छात्राओं को प्रदान करने लिए यह आयोजन किया है। मुख्य अतिथि मिसेज़ यूनिवर्स एशिया पैसिफिक प्रेरणा धबार्डे ने छात्राओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया।

### सभी स्टॉल में रही भीड़

मेले में युवाओं की पसंद टैटो, पियर्सिंग, इंस्टेंट मेकअप, हेयर स्टाइलिंग, मेहँदी, कस्टमाइज्ड पोर्ट्रेट एवं कीरिंग मेकिंग जैसे रोज़गार का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों, आकर्षक आधुनिक एवं परंपरागत वस्त्रों, आभूषणों मज़ेदार खेलों, मनभावन गीत, संगीत और नृत्य से से भरे इस रंगारंग मेले का संचालन डॉ. सुषमा यादव, डॉ. मोनिका राकेश, डॉ. तोषीणा तैलंग, डॉ. चांदनी अफसाना, डॉ वैभव शंकर सोनी, तबस्सुम अली ने किया। मेले में खाने-पीने के स्टाल के साथ-साथ कई प्रकार के मनोरंजक गेम्स भी रखे गए थे जिसमें छात्राओं ने बिंदी लगाओ, निशाना मारने सहित रिंग फेकने के गेम खेले और उसमें विजेताओं को उपहार भी दिया गया।

प्रथम बटालियन में आयोजन की तैयारी, मुख्य अतिथि रहे सहायक कलेक्टर अभिजीत बबन पठारे

# स्वतंत्रता दिवस उत्सव की परेड और ध्वजारोहण को लेकर रिहर्सल रंगे-बिरंगे गुब्बारे छोड़े, स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

**दुर्ग।** जिला मुख्यालय में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रमुख कार्यक्रम प्रथम बटालियन एसएफ लाइन मैदान में होगा। इसे लेकर बुधवार को आयोजन की तैयारियों को लेकर रिहर्सल किया गया। रिहर्सल में पूरी प्लानिंग को टाइम टू टाइम एक्जीक्यूट किया गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह और एसएसपी विजय अग्रवाल ने इसकी मॉनीटरिंग की। पूर्वाभ्यास के दौरान सहायक कलेक्टर अभिजीत बबन पठारे ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। उन्हें ससम्मान मंच तक पहुंचाया गया, जहां उन्होंने ससम्मान राष्ट्रीय शान तिरंगे का ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने परेड की सलामी ली। मंच ने मुख्यमंत्री का संदेश का वाचन किया। बारिश से बाधित इस आयोजन में तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को सामने आने नहीं दिया गया। कलेक्टर और एसएसपी के साथ परेड का निरीक्षण की। प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरों से परिचय, खुले आकाश में रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़ने, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फोटो सेशन सहित संपूर्ण आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया। स्कूली बच्चों ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। देशभक्ति गीतों में नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान एनसीसी और स्काउट-गाइड के स्टूडेंट्स ने आपात स्थिति में सेवा से जुड़े कार्यों को प्रदर्शित किया। सरकारी विभागों की झांकियां भी प्रदर्शित की गईं। इस अवसर पर एडीएम वीरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सीइओ बीके दुबे, एडीशनल एसपी सुखनंदन राठौर, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, उत्तम ध्रुव, डीईओ अरविन्द मिश्रा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता आशीष भट्टाचार्य, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।





### सरकारी दफ्तरों और स्कूल में ध्वजारोहण के बाद सभी पहुंचेंगे बटालियन

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस पर प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इससे पहले स्कूल, कॉलेज सहित अन्य शैक्षणिक संस्थाओं, सरकारी दफ्तरों में ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए सभी प्रथम बटालियन स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। जहां करीब ढाई घंटे का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में सभी विधायक, सांसद, मेयर, पार्षद शामिल होंगे। इसके अलावा देश के स्वतंत्रता सेनानी, वीर शहीद जवानों के परिजनों को भी आमंत्रित किया गया है। उन्हें सम्मानित किया जाएगा।





### स्वतंत्रता दिवस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे ध्वजारोहण

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय दुर्ग के प्रथम बटालियन ग्राउण्ड दुर्ग में मुख्य समारोह आयोजित होगा, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सुबह 9 बजे ध्वाजारोहण करेंगे। परेड की सलामी लेंगे। इसके बाद परेड का निरीक्षण कर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। कार्यक्रम में हर्ष फायर और मार्च पास्ट के बाद शालेय छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। मुख्य समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा।

भिलाई चरोदा निगम स्तरीय भोजली उत्सव

## लोक आस्था और परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने निकाली भोजली शोभायात्रा





**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की कृषि संस्कृति आधारित लोक आनुष्ठानिक पर्व भोजली का आयोजन भिलाई चरोदा निगम के 40 वार्डों की महिलाओं द्वारा प्रादेशिक सांस्कृतिक विरासत एवं लोक पर्व को जन-जन में प्रचारित करने आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक प्रेमलाल साहू, सीता साहू, तुलसी मरकाम, चंद्रकांता मांडले, प्रेमलता चंद्राकर, लोक संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा द्वारा 40 वार्डों को चिन्हित कर भोजली उत्सव के लिए प्रेरित किया गया था। सावन शुक्ल पक्ष की पंचमी से लेकर पूर्णिमा तिथि तक युवतियों, कुंवारी कन्याओं और महिलाओं ने अपने घरों के भोजली बो कर रोज सुबह-शाम पूजा-अर्चना की। भिलाई चरोदा भोजली उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा सभी वार्डों की भोजली सेवकों, भोजली उपासकों से निरंतर संवाद कर स्थल अवलोकन कर निरंतर प्रोत्साहित किया। भोजली दाई को राखी अर्पित कर परिवार और प्रदेश में अच्छी फसलें होने, सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की गई। शोभा यात्रा और विसर्जन समारोह में महिलाएं उत्साहित दिखी। पारंपरिक वेशभूषा में पूर्ण श्रृंगार व भोजली माता को आकर्षक ढंग से लोक अनुष्ठानिक रुप से सजाया गया था। समारोह के समापन अवसर पर जुगल किशोर बंछोर सांस्कृतिक मंच बाजार चौक भिलाई 3 में 40 वार्डों की तीन सौ टुकनियों में भोजली की शोभा प्रदर्शनी लगाई गई।

लोक संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा ने भोजली उत्सव के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोक पर्व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित है,पर अब शहरी क्षेत्र में विलुप्त होती जा रही है। इसे पुनर्जीवित करने और बेटी के संरक्षण के संदेश सहित कृषि पर्व को निरंतर समृद्ध करने के लिए निगम स्तरीय भोजली उत्सव एक साथ आयोजित किया गया है। इस अवसर पर लोक संस्कृति कर्मी और जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ी लोक एवं अनुष्ठानिक पर्व भोजली का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। इसमें 30 बिंदुओं में भोजली लोक अनुष्ठान को विस्तार से सचित्र प्रकाशित किया गया है। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं तालाब किनारे पर स्थापित देवी- देवताओं में भोजली की पत्तियां अर्पित कर अच्छी बारिश होने और संतानों की सुरक्षा की कामना की।

श्री शंकरा विद्यालय में धार्मिक कार्यक्रम

## सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि का संचार करने हुआ चंडी यज्ञ







**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय में भाद्रपक्ष पंचमी तिथि को धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप चंडी यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। चंडी हवन केवल धार्मिक अनुष्ठान के लिए ही नही, विद्यालय में सकारात्मक ऊर्जा का संचार, पर्यावरण की शुद्धि, शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक विकास, मन की शांति और समृद्धि का संचार करने के लिए किया गया था। आचार्यो और उनके शिष्यों के द्वारा विघ्नहर्ता गणेश की पूजा अर्चना कर चंडी यज्ञ का शुरुआत की गई। हवन का प्रारंभ विद्वान आचार्य स्वामीनाथन शास्त्री और पं गुरुप्रसाद के मंगलाचरण और वैदिक मंत्रोच्चारण से हुआ। जिससे पूरा प्रांगण पवित्र और सुवासित हो उठा। आचार्य स्वामीनाथन ने इस अनुष्ठान के महत्त्व को बताते हुए कहा कि कोई भी मनुष्य का मन पूर्ण रूप से शुद्ध नहीं होता है। मन की शुद्धि एवं आत्म कल्याण के लिए समय-समय पर ऐसे धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन अवश्य किया जाना चाहिए। इस अवसर पर शंकरा विद्यालय के अध्यक्ष वी. रामचन्द्रन, सचिव एस. स्वामीनाथन, कोषाध्यक्ष टी आर वेंकटरमन, प्रबंधन समिति सदस्य पी उमा, उप प्राचार्य विजयन बी, प्रधान पाठिकाएं शीजा जॉन व चरनीत कौर संधू उपस्थित रहे। यह अनुष्ठान विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के कल्याण की सुख समृद्धि के लिए किया गया।

श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर -10 में चंडी यज्ञ का आयोजन

मंत्रों की गूंज और अग्नि की पवित्र लपटों के बीच सभी ने मन, वचन और कर्म से अपनी श्रेष्ठ भावनाओं को अर्पित किया। पूर्णाहुति के बाद मां सरस्वती के मंदिर में कलश पूजन व शंकराचार्य का जलाभिषेक किया गया। जय जय शंकर और हर हर महादेव की गूंज से विद्यालय प्रांगण गूँज उठा। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

16 व 17 अगस्त को दो दिन रहेगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम

कार्नर न्यूज

# श्यामाश्यामधाम मंदिर उमरपोटी में श्रीकृष्ण प्रकट्य उत्सव पर लोककला महोत्सव और भरथरी लोक गाथा की रहेगी धूम

**भिलाई।** श्यामाश्याम धाम मंदिर उमरपोटी में श्री कृष्ण प्रकट्य उत्सव की तैयारी जोरों पर है। 16 व 17 अगस्त को पूरे धूमधाम से यह उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए समिति ने श्यामाश्याम धाम मंदिर को व्यापक रूप दिया है। मंदिर और आवागमन मार्गों पर आकर्षक लाइटिंग व साज-सज्जा की गई है। इसके अलावा इन दो दिनों तक कई कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। इस बार इस उत्सव में लोक कला महोत्सव और भरथरी लोक गाथा की धूम रहेगी। 17 अगस्त को भंडारा का आयोजन किया गया।





### 16 अगस्त को अभिषेक व विशेष श्रृंगार

श्यामाश्याम धाम मंदिर में 16 अगस्त को राधा कृष्ण का अभिषेक व विशेष श्रृंगार कार्यक्रम होंगे। सुबह 9 बजे से 12 बजे तक अभिषेक चलेगा। शाम 7 बजे से राधा-कृष्ण की आरती होगी। उसके बाद विशेष श्रृंगार किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक लोक कला महोत्सव तथा रात 10 बजे लोक कलाकार कुलेश्वर ताम्रकार द्वारा माटी के महिमा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। रात 12 बजे महाआरती के बाद छप्पन भोग व केट काटा जाएगा। इस दिन शारदा मानस मंडली छुई खदान दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक, पूजा मानस मंडली महासमुंद व पंडवानी दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक, श्री गंगा मानस मंडली बालोद शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक प्रस्तुति देंगे।

### 17 अगस्त को भरथरी और कंस वध झांकी

17 अगस्त को सुबह 10 से 11 बजे राग ऑन बैंड, भरथरी मनमोहनी लोक कला बालोद की प्रस्तुति सुबह 11 बजे से 12 बजे तक, गोपेश्वर मानस परिवार खरिहार रोड दोपहर 12 से 2 बजे तक, कामता प्रसाद महराज छुरा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक, जय संतोषी मां मानस परिवार भगवताचार्य अंजू शर्मा खैरागढ़ शाम 5 बजे से 7 बजे तक, वेद मानस मंडली मोहला मानपुर शाम 7 से रात 9 बजे तक, बाल समाज जस धमतरी व झांकी कंस वध गातापार बालोद रात 9 से 12 बजे तक प्रस्तुति देंगे। सभी कार्यक्रम लोककला दर्शन यूट्यूब पर लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राजधानी में स्वतंत्रता दौड़ आज




**रायपुर।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग व जिला प्रशासन के सहयोग से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को सुबह 7:30 बजे, स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया है। शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर से प्रारंभ होकर खजाना चौक से यू टर्न लेते हुए पुनः शहीद भगत सिंह चौक (शंकर नगर चौक) तक यह स्वतंत्रता दौड रखी गई है। इस दौड़ में विद्यालय के छात्र छात्राएं एनएसएस, एनसीसी स्काउट के कैडेट, खिलाड़ी एवं खेल संघो के पदाधिकारी शामिल होगें। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सभी नागरीको से 14 अगस्त को सुबह 7 बजे शहीद भगत सिंह चौक शंकर नगर पर उपस्थित होकर स्वतंत्रता दौड़ में शामिल होने की अपील की गई है।

### इंटर स्टेट क्रिकेट में इरफान ने 2 विकेट लिए, सानिध्य के 67 रन




**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी की ओर से मेंस सीनियर इंटर स्टेट वन डे अभ्यास मैच 2024-25 आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित झारखंड, पुडुच्चेरी और हिमाचल प्रदेश आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। बुधवार को छत्तीसगढ़ का वनडे मैच पुडुच्चेरी के विरुद्ध पुडुच्चेरी में खेला गया। पुडुच्चेरी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 308 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से सानिध्य हुरकत ने 67 रन तथा प्रतीक यादव ने 60 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त इयान कॉस्टर तथा आनंद राव ने 40-40 रनों का योगदान दिया। पुडुच्चेरी की ओर से कृष्णा दत्त पांडेय ने 5 विकेट तथा सागर प्रकाश ने 2 विकेट लिए। 309 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुडुच्चेरी टीम ने 5 विकेट खोकर 47.4 ओवरों में 312 रन बनाकर मैच जीत लिया। पांडेचेरी की ओर से कमलीश्वरन ने सर्वाधिक 116 नाबाद रनों का योगदान दिया। साथ ही वेदांत ने 66 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से मो इरफान ने 2 विकेट प्राप्त किये। पुडुच्चेरी ने मैच 5 विकेट से जीत लिया।

### एनटीपीसी सीनियर फुटबॉल में दुर्ग की टीम उपविजेता रही




**भिलाई।** एनटीपीसी कोरबा के सीएसआर एवं स्पोर्ट्स कॉउंसिल और छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम कोरबा में एनटीपीसी सीनियर महिला अंतर जिला राज्य फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। फाईनल मैच जिला फुटबॉल संघ बस्तर विरुद्ध जिला फुटबॉल संघ दुर्ग के मध्य खेला गया जिसमें जिला फुटबॉल संघ बस्तर की टीम ने 3-2 से जीत दर्ज कर विजेता का खिताब प्राप्त किया। प्रतियोगिता में पहला गोल बस्तर की टीम से मुस्कान ने किया और बस्तर टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। प्रतियोगिता का दूसरा गोल दुर्ग टीम की जाह्नवी साहू ने किया और टीम को एक एक की बराबरी में लाकर खड़ा किया। प्रतियोगिता का तीसरा गोल बस्तर टीम की प्रियंका ने किया और टीम को 2-1 से बढ़त दिलाई। प्रतियोगिता का चौथा गोल भी बस्तर टीम की प्रियंका ने किया और टीम को 3-1 से बढ़त दिलाई। इस अंतर को दुर्ग की जाह्नवी साहू के एक और गोल ने 3-2 में लाकर खड़ा कर दिया। इस तरह बस्तर टीम 3 - 2 विजय हुई। विजेता एवं उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि के द्वारा ट्रॉफी एवं व्यक्तिगत पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में एनटीपीसी कोरबा के सीएसआर एवं स्पोर्ट्स कॉउंसिल विभाग का भरपूर सहयोग रहा। दुर्ग टीम की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के महासचिव डॉ जीडी गांधी, दुर्ग जिला फुटबॉल संघ के सचिव मोहनलाल एवं अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### शालेय योगासन में शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** तिलक भारती स्कूल में आयोजित ब्लॉक एवं जिला स्तरीय एक दिवसीय शालेय योगासन प्रतियोगिता में शिवोम विद्यापीठ स्कूल के योग खिलाड़ियों ने शानदार प्रस्तुति दी। जिसमें वृक्षिक आसन, शलभासन, हनुमान आसन, मयूर आसन, चक्रासन और भूमिनमन का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में रायपुर जिले के 25 स्कूलों ने भाग लिया। स्पर्धा में आसनों के साथ रिदमिक, आर्टिस्टिक योग भी शामिल थे।

## बदलती जीवनशैली के चलते गैजेट्स की लत बढ़ा रही परेशानियां

# हमारी आदतें जिम्मेदार होती हैं कान को नुकसान पहुंचाने में, गैजेट्स पर निर्भरता कीजिए नियंत्रित

कम सुनाई देने या बहरेपन का खतरा वैश्विक स्तर पर बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। उम्र बढ़ने के साथ कानों की बीमारियां होना सामान्य माना जाता है पर हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आश्चर्यजनक रूप से पिछले कुछ वर्षों में कम आयु के लोगों में भी ये खतरा बढ़ता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक हालिया रिपोर्ट में चिंता जताते हुए कहा, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, खास तौर पर ईयरबड्स और हेडफोन के बढ़ते उपयोग के कारण कम सुनाई देने और बहरेपन के मामले अब काफी ज्यादा हो गए हैं।डब्ल्यूएचओ ने अपनी रिपोर्ट में सावधान करते हुए कहा, 12 से 35 वर्ष की आयु के एक बिलियन (100 करोड़) से अधिक लोगों में सुनने की क्षमता कम होना या बहरेपन का जोखिम हो सकता है। इसके लिए मुख्यरूप से लंबे समय तक ईयरबड्स से तेज आवाज में संगीत सुनने और शोरगुल वाली जगहों पर रहना एक बड़ा कारण माना जा रहा है। तेज आवाज वाले ये उपकरण आंतरिक कान को क्षति पहुंचाते हैं। सभी लोगों को इन उपकरणों का इस्तेमाल बड़ी सावधानी से करना चाहिए।



### तेज आवाज से कानों को हो रहा है नुकसान

रिपोर्ट के मुताबिक ईयरबड्स या हेडफोन के साथ पर्सनल म्यूजिक प्लेयर का इस्तेमाल करने वाले लगभग 65 प्रतिशत लोग लगातार 85 (डेसिबल) से ज्यादा आवाज में इसे प्रयोग में लाते हैं। इतनी तीव्रता वाली आवाज को कानों के आंतरिक हिस्से के लिए काफी हानिकारक पाया गया है।

शरीर के अन्य भागों में होने वाली क्षति के विपरीत, आंतरिक कान की क्षति के ठीक होने की संभावना भी कम होती है। तेज आवाज के संपर्क के कारण समय के साथ कोशिकाएं क्षतिग्रस्त होती जाती हैं। इससे सुनने की क्षमता और भी खराब होती जाती है। वैश्विक स्तर पर आने वाले दशकों में करोड़ों लोगों में इस तरह की समस्या होने की आशंका है।

### विशेषज्ञों ने जताई चिंता?

कोलोराडो विश्वविद्यालय में ईएनटी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ डैनियल फिंक कहते हैं,



मुझे लगता है कि व्यापक स्तर पर, चिकित्सा और ऑडियोलॉजी समुदाय को इस गंभीर खतरे को लेकर ध्यान देने की आवश्यकता है। युवा आबादी में ईयरबड्स जैसे उपकरणों का बढ़ता इस्तेमाल 40 की उम्र तक सुनने की क्षमता को कम कमजोर करने वाली स्थिति हो सकती है।

### डिमेंशिया का भी बढ़ जाता है जोखिम

साल 2011 के एक अध्ययन के अनुसार सुनने की क्षमता में कमी को सिर्फ कानों का समस्याओं तक ही सीमित नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे लोगों में मस्तिष्क से संबंधित बीमारियों जैसे डिमेंशिया का जोखिम भी काफी बढ़ जाता है। सुनने की क्षमता में कमी वाले लोगों में डिमेंशिया रोग होने का जोखिम दो गुना अधिक देखा गया। वहीं जिन लोगों को बिल्कुल नहीं सुनाई देता था या जो लोग बहरेपन के शिकार थे उनमें डिमेंशिया के खतरे को पांच गुना अधिक पाया गया।

डॉ डैनियल कहते हैं, कुछ आशाजनक अध्ययनों से पता चलता है सुनने की समस्याओं का इलाज करने से संज्ञानात्मक गिरावट और मनोभ्रंश का जोखिमों को कम किया जा सकता है।

### कम रखें ध्वनि

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ध्वनि को डेसिबल नामक इकाई में मापा जाता है। 60-70 डेसिबल या उससे कम की ध्वनि को आमतौर पर सुरक्षित माना जाता है। हालांकि, 85 या उससे अधिक की ध्वनि के लंबे समय तक या बार-बार संपर्क में रहने से सुनने की क्षमता कम हो सकती है। ईयरबड्स और हेडफोन्स जैसे उपकरणों की ध्वनि 100 से अधिक हो सकती है।





## कोने वाले घर को लेकर जानिए वास्तु का प्रभाव

घर लेने से लेकर उसमें रहने तक से संबंधित वास्तु शास्त्र में कई महत्वपूर्ण बातें बताई गई हैं। घर लेते समय अक्सर लोग उसकी खूबसूरती और सुख-सुविधा पर ध्यान देते हैं, जबकि देना चाहिए उसकी दिशा और उसके स्थान पर ध्यान।

वास्तु शास्त्र का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसा इसलिए क्योंकि हर एक वस्तु जो हम से जुड़ी है उसका नाता कहीं न कहीं वास्तु से होता है। इसी कारण से घर, दुकान, वाहन, आदि स्थानों पर वास्तु के अनुसार ही कार्य या उपाय करना चाहिए ताकि दोष न लगे और शुभता प्राप्त हो सके। वहीं, अगर सिर्फ घर की बात करें तो घर लेने से लेकर उसमें रहने तक से संबंधित वास्तु शास्त्र में कई महत्वपूर्ण बातें बताई गई हैं।

### क्या कोने वाला घर खरीदना चाहिए?

वास्तु शास्त्र के अनुसार, कोने वाला घर तीन दिशाओं से खुला होता है जो केतु के आधीन होती हैं। ऐसे में कोने वाले घर पर केतु का गहरा प्रभाव पड़ता है। केतु को जहां एक ओर ज्योतिष शास्त्र में पाप ग्रह माना गया है तो वहीं, वास्तु शास्त्र में उसे नेगेटिव एनर्जी ज्यादा पैदा करने वाला ग्रह माना जाता है।

वास्तु शास्त्र कहता है कि जब कोने वाला घर कोई लेता है तो उस व्यक्ति को शुरुआत के कुछ साल उस घर से कई प्रकार के लाबह मिलते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उस समय केतु अपने मूल रूप में नहीं होता है, लेकिन जब केतु अपने असल स्वभाव को दर्शाना शुरू करता है तब बुरा असर दिखता है।

केतु के प्रभाव से 8 या ज्यादा से ज्यादा 9 साल बाद घर में संकट आने लगते हैं। कोने वाले घर पर केतु का ऐसा असर दिखता है कि घर की आर्थिक स्थिति गिरने लगती है और घर के सदस्यों के स्वास्थ्य में भी भरी गिरावट आती है। कोने वाले घर के कारण व्यक्ति को बहुत सी परेशानियों से जूझना पड़ता है।

वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि कोने वाले घर के में नकारात्मक ऊर्जा सबसे ज्यादा जल्दी प्रवेश करती है और परिवार के बीच लड़ाई-झगड़ा उत्पन्न होने लगता है। हालांकि कोने वाले घर में केतु के प्रभाव को ठीक करने के उपाय आजमाकर आप उसकी अशुभता को दूर कर सकते हैं।

## अक्सर मिक्सी से गिर जाता है मसाला तो इन टिप्स को जरूर कीजिए फॉलो



मिक्सी का इस्तेमाल हम सभी के घरों में चीजों को पीसने के लिए होता है। किन इस मशीन के साथ एक दिक्कत भी है, कि इसमें लीक्वीड चीजें पीसते वक्त अक्सर वह बाहर निकल जाते हैं। मिक्सी का इस्तेमाल हम सभी के घरों में चीजों को पीसने के लिए होता है। लहसुन-प्याज और अदरक से लेकर चटनी, जूस, दही, छाछ और अन्य कई सारी चीजों को पीसने और मिलाने के लिए इस उपयोगी मशीन का इस्तेमाल किया जाता है। बता दें कि इस मशीन से काम तो आसान होता ही है, साथ ही काम करने में मेहनत कम लगता है। लेकिन इस मशीन के साथ एक दिक्कत भी है, कि इसमें लीक्वीड चीजें पीसते वक्त अक्सर वह बाहर निकल जाते हैं और हर तरफ फैल जाते हैं, बता दें कि इससे काम बढ़ जाता है।

**ओवर फिल न करें :** मिक्सी जार को अधिकतम आधे या तीन-चौथाई भाग तक ही भरें। इससे लिक्विड के बाहर गिरने की संभावना कम होगी।

**ढक्कन ठीक से बंद करें:** मिक्सर जार में लीक्वीड भरने के बाद ढक्कन ठीक से भरें, नहीं तो चीजें बाहर निकल जाएगी। इसके अलावा आप ढक्कन को टाइट करने के लिए जार के ऊपर पॉलीथिन रखें, फिर ढक्कन बंद करें। इससे ढक्कन टाइट होगा और सामान बाहर नहीं निकलेगा।

**प्लास्टिक या सिलिकॉन लीड का उपयोग:** मिक्सी जार के ढक्कन में प्लास्टिक या सिलिकॉन लीड या गैसकेट का उपयोग करें ताकि ढक्कन पूरी तरह से सील हो जाए और लिक्विड बाहर न गिरे।

**लो-स्पीड पर शुरू करें:** मिक्सी को सबसे पहले कम स्पीड पर चलाएँ। इससे लिक्विड धीरे-धीरे मिक्स होगा और स्पिल की संभावना कम होगी। क्लींग फॉयल का इस्तेमाल करें: लीक्वीड हो या पाउडर वाली चीजें, यदि मिक्सी में पीसते वक्त बाहर निकल जाता है और सभी जगह फैल जाता है, तो आप मिक्सी के ऊपर जार रखने के बाद अच्छे से ढक्कन बंद करें।



## हर गृहणी के लिए जरूरी है कुछ योगासनों का अभ्यास

बेहतर स्वास्थ्य के लिए हर उम्र के लोगों के लिए योगासन लाभदायक होता है। बच्चों से लेकर बड़े और पुरुषों से लेकर महिलाओं तक को नियमित योगासन का अभ्यास करना चाहिए। हालांकि ज्यादातर महिलाएं दिनभर के कामकाज के कारण खुद के लिए समय नहीं निकाल पातीं। नतीजा होता है कि महिलाओं को मोटापा, ब्लड प्रेशर, शुगर, थायराइड और घुटने के दर्द जैसी समस्याएं हो जाती हैं। ऐसे में योग महिलाओं को होने वाली इन सभी समस्याओं का स्थाई इलाज है। इन शारीरिक तकलीफों से दूर रहने और खुद को स्वस्थ रखने के लिए दिनभर के व्यस्त समय से खुद के लिए समय निकालकर कुछ योगासन जरूर करें। यहां आपको कुछ ऐसे योगासनों के बारे में बताया जा रहा है जो गृहिणी के लिए फायदेमंद हैं। अगली स्लाइड्स में जानिए महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक योगासनों के बारे में।

### धनुरासन



धनुरासन महिलाओं के मासिक धर्म संबंधी विकृतियों को दूर करता है। इस योगासन से मांसपेशियों का अच्छा खिंचाव होता है, जिससे पेट की चर्बी कम होती है। धनुरासन करने के लिए पेट के बल लेट कर अपने घुटनों को मोड़ते हुए टखनों को हथेलियों से पकड़ें। अब अपने पैरों और बाहों को अपनी क्षमता के मुताबिक ऊपर उठाएं। ऊपर देखते हुए कुछ देर इसी मुद्रा में रहें और फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं। इस प्रक्रिया को दोहराएं।

### बालासन

इस योगासन से शरीर लचीला बनता है। इस योगासन के अभ्यास से मानसिक शांति मिलती है और तनाव कम होता है। बालासन करने के लिए जमीन पर वज्रासन अवस्था में बैठ कर सांस अंदर लेते हुए अपने दोनों हाथों को सीधा सिर के ऊपर उठा लें। अब सांस बाहर छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें। अपनी हथेलियों और सिर को जमीन पर टिकाते हुए लंबी सांस अंदर लें और बाहर छोड़ें। हाथों की उंगलियों को आपस में जोड़ते हुए सिर को दोनों हथेलियों के बीच में धीरे से रख लें। कुछ देर बाद पुरानी स्थिति में आ जाएं।

### सुखासन

मानसिक और शारीरिक शांति के लिए सुखासन का अभ्यास मददगार है। इस आसन को योग की शुरुआत करने से पहले किया जाता है। ताकि सांस लेने की प्रक्रिया पर नियंत्रण किया जा सके। आसन को करने के लिए जमीन पर पालथी मारकर बैठ जाएं और दोनों आंखों को बंद करते हुए हथेलियों को घुटनों पर रखें। फिर गहरी सांस लें। यह प्रक्रिया दोहराएं।

### मलासन

इस योगासन का अभ्यास करने से पैरों और जांघों की हड्डियों को मजबूती मिलती है। साथ ही आसन पैरों में या जांघों में होने वाले दर्द में राहत मिलती है। मलासन का अभ्यास करने के लिए मैट बिछाकर सबसे सीधा खड़े हो जाएं। अब घुटनों को मोड़कर हाथों को नमस्ते के पोज में बैठ जाएं। इस दौरान घुटनों के बीच दूरियां बनाकर रखें।



कार्नर न्यूज

## बच्चों के साथ आपका व्यवहार होना चाहिए संयमित

# बच्चे अगर आपकी बात नहीं मान रहे तो परेशान होने के बजाए उन्हें समझाईए, दिखेगा बदलाव

बच्चे जैसे-जैसे बड़े होते हैं, अपना पक्ष रखना सीख जाते हैं। लेकिन पक्ष रखने की यह आदत यदि तर्कपूर्ण न होकर बहस का रूप लेने लगे तो इस पर ध्यान देना जरूरी है। तर्क करना या बहस करना अच्छा है, जब तक कि वह सकारात्मक पहलुओं पर की जाए। बच्चों में बहस करने की आदत सामान्य होती है, जो उनके मानसिक और सामाजिक विकास का हिस्सा है। सकारात्मक बहस बच्चों में आत्मनिर्भरता की भावना को जगाती है। मगर जब यह बहस नकारात्मकता की ओर बढ़े और विवाद का रूप लेने लगे तो इसे रोकना जरूरी हो जाता है, क्योंकि कई बार बहस करना बच्चों को उद्दंड भी बना देता है।



### क्या है वजह

शारीरिक अनुपात के साथ ही समयानुसार बच्चों की तर्कशक्ति और विश्लेषणात्मक क्षमता भी विकसित होती है। वे विभिन्न मुद्दों पर सवाल उठाते हैं और उनकी गहराई में जाकर उनके उत्तर खोजने की कोशिश करते हैं। कई बार बच्चे बिना किसी कारण के ही बहस करने लगते हैं, क्योंकि वे लोगों, विशेषकर अभिभावकों का ध्यान अपनी ओर खींचना चाहते हैं, तो कभी-कभी बच्चे खुद को सही साबित करने के लिए और अपने पक्ष को मजबूत बनाने के लिए बहस करते हैं।

### आपकी धारणाएं

जब बहस, बहस न रहकर विवाद और उद्दंडता का विकृत रूप लेने लगती है तो उसके पीछे कई वजहें होती हैं, जैसे बच्चे के मन में कुछ बातें गांठों का रूप ले रही हैं। वह अपनी बात कह नहीं पा रहा है और समझा नहीं पा रहा है। वहीं आपके द्वारा उसके लिए बनाई गईं कुछ धारणाएं भी उसे बहस करने पर मजबूर करती हैं, जैसे कि 'यह तुमने ही तोड़ा होगा, तुम्हारे अलावा कर भी कौन सकता है?' या फिर घर में कुछ भी गलत होने पर उस पर शक करना। इस स्थिति में बहस करना लाजिमी है, जो समय के साथ बच्चे के व्यवहार में शामिल हो जाती है।

### मार्गदर्शन करें

आपको बच्चों की बहस को ध्यान से सुनना चाहिए। 'तुम चुप रहो' कहकर उनके प्रश्नों पर प्रश्नचिह्न न लगाएं। उनके हर प्रश्न का जवाब दें, जिससे वे उलझन में न रहें और कहीं और से प्रश्नों के गलत जवाब न ढूंढने लगें। उन्हें सिखाएं कि वे अपने विचारों को शांति से व्यक्त करें और दूसरों की भावनाओं को आहत न करें। साथ ही आपको बहस के दौरान उनकी भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। ऐसा करने पर वे आपसे बहस नहीं, तर्कपूर्ण बात करेंगे।

### सकारात्मक पहलू

बहस करने से बच्चों के संवाद कौशल में सुधार होता है। वे अपने विचारों को स्पष्ट और प्रभावी ढंग से व्यक्त करना सीखते हैं। इससे उनकी भाषायी क्षमता और संचार कौशल में भी वृद्धि होती है। वे विभिन्न दृष्टिकोणों से समस्याओं को देखते हैं और उन्हें हल करने के लिए नए तरीकों का उपयोग करते हैं। बहस के माध्यम से उन्हें अपने विचारों और क्षमताओं पर भरोसा होता है, जो उनके व्यक्तिगत विकास के लिए महत्वपूर्ण है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ग्रामी विजेता एडी पामिएरी नहीं रहे, रूंबा और लैटिन जैज के थे संगीतकार

रूंबा और लैटिन जैज के संगीतकार एडी पामिएरी का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। फैनिया रिकॉर्ड्स ने पामिएरी के निधन के बारे में जानकारी दी। पामिएरी की बेटी गैब्रिएला ने बताया कि उनके पिता का उसी दिन न्यू जर्सी स्थित उनके घर पर लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। पियानोवादक, संगीतकार और बैंड लीडर पामिएरी ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले पहले लैटिनो थे। उन्होंने अपने करियर में सात और बड़े पुरस्कार जीते।



पामिएरी का जन्म न्यूयॉर्क के स्पेनिश हार्लेम में 15 दिसंबर, 1936 को हुआ था। उस समय संगीत को गुलामी से बाहर निकलने का एक जरिया माना जाता था। उन्होंने अपने भाई चार्ली पामिएरी की तरह कम उम्र में ही पियानो सीखना शुरू कर दिया था। 13 साल की उम्र में वह अपने चाचा के ऑर्केस्ट्रा के साथ जुड़ गए। अपनी वेबसाइट पर लिखी अपनी जीवनी में पामिएरी ने एक बार कहा था, 'मैं एक कुंठित तालवादक हूं, इसलिए मैं पियानो पर अपना गुस्सा निकालता हूं।' उन्होंने सबसे पहले 1975 में एल्बम 'द सन ऑफ लैटिन म्यूजिक' के लिए ग्रामी जीता। उन्होंने 80 के दशक में भी संगीत जारी रखा। इवस्ट्रीम के माध्यम से उन्होंने कोरोना वायरस महामारी के दौरान प्रदर्शन किया। साल 2011 में एसोसिएटेड प्रेस के साथ बातचीत में जब पामिएरी से पूछा गया कि क्या उनके पास करने के लिए कोई अहम काम बाकी है, तो उन्होंने कहा 'पियानो अच्छी तरह बजाना सीखना। पियानो बजाने वाला बनना एक बात है। पियानोवादक होना दूसरी बात है।'

1980 के दशक में पामिएरी ने 'पालो पा' रूंबा' (1984) और 'सोलिटो' (1985) एल्बमों के लिए दो और ग्रामी पुरस्कार जीते। कुछ साल बाद, उन्होंने 'लेगो ला इंडिया वाया एडी पामिएरी' एल्बम के साथ गायक ला इंडिया को साल्सा की

### टॉलीवुड

## 'द पैराडाइज' में नानी निभाएंगे जदाल का किरदार, फैंस ने दी मजेदार प्रतिक्रिया

नानी की नई आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म ₹द पैराडाइज₹ से उनके किरदार का लुक जारी किया गया है। जिसमें उनका अ नो खा अंदाज फैंस को भी हैरान कर रहा है। इस फिल्म में उनके किरदार का नाम है जदाल। तेलुगु एक्शन थ्रिलर फिल्म 'द पैराडाइज' का निर्देशन श्रीकांत ओडेला ने किया है, जिन्होंने पहले नानी के साथ फिल्म 'दशहरा' में साथ काम किया है। नानी फिल्म 'द पैराडाइज' में 'जदाल' नाम के किरदार में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने एक्स हैंडल पर नानी की एक शानदार तस्वीर शेयर की और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'इसका नाम जदाल.... ' इस लुक में नानी घनी दाढ़ी, लंबी मूंछें और दो चोटियों में खतरनाक अंदाज में दिखाई दे रहे हैं, जो काफी साहसिक और अलग है। निर्माताओं ने इस किरदार को बेबाकी से पेश किया है। आंखों पर काला चश्मा और गले में ब्लैक सिल्वर ज्वैलरी में नानी का लुक फैंस को हैरान कर रहा है। नानी को जदाल के लुक में देखने के बाद फैंस ने भी जमकर अपनी प्रतिक्रिया दी हैं। एक फैन ने लिखा, 'क्या यह लुक किसी फिल्म या किरदार से प्रेरित है', एक और फैन ने लिखा, 'जदाल...आधुनिक लुक और चोटियों से हैरान हूं...', एक फैन ने लिखा, 'गैंगस्टर ड्रामा...'



फिल्म 'द पैराडाइज' में नानी के अलावा जान्हवी कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी जबकि मोहन बाबू और राघव जुयाल सहायक किरदार भूमिका निभाएंगे। 'द पैराडाइज' 1980 के दशक के सिकंदराबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो एक हाशिए पर पड़े समुदाय की कहानी दिखाती है, जो एक नेता की तलाश में है। फिल्म को तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम, हिंदी, बंगाली, अंग्रेजी और स्पेनिश में 26 मार्च, 2026 को रिलीज किया जाएगा। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध ने तैयार किया है। इस फिल्म का निर्माण एसएलवी सिनेमाज कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## चुड़ैल की कैद में हीरोइन के सईयां जी, दो बीवियों के बीच घुन बनकर पिसे विक्रांत

भोजपुरी स्टार विक्रांत सिंह राजपूत की नई फिल्म 'सईयां जी की जय हो' का ट्रेलर आ गया है। इस फिल्म में विक्रांत के साथ चांदनी सिंह, जोया खान और प्रीति मौर्या भी हैं। ट्रेलर में रोमांस और कॉमेडी का भरपूर मसाला है। फिल्म के गाने और लोकेशन भी बहुत अच्छे हैं।



भोजपुरी सिनेमा के फेमस स्टार विक्रांत सिंह राजपूत अपनी फिल्मों से फैंस के दिलों पर राज करते हैं। अब वो एक और धमाकेदार भोजपुरी फिल्म लेकर आ रहे हैं जिसका ट्रेलर रिलीज हो गया है। एक्टर की आने वाली फिल्म 'सईयां जी की जय हो' का आधिकारिक ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ, जो चार मिनट के लगभग समय में रोमांच, रोमांस और मनोरंजन की मिशाल पेश करता है।

ट्रेलर की शुरुआत एक दमदार एंट्री के साथ होती है, जहां विक्रांत सिंह राजपूत का मजेदार अंदाज दर्शकों को तुरंत अपनी ओर खींचता है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि विक्रांत सिंह राजपूत तीन खूबसूरत हीरोइनों- चांदनी सिंह, जोया खान और प्रीति मौर्या के साथ इश्क करते हुए नजर आएंगे, जो फिल्म को एक मसालेदार रोमांटिक कॉमेडी का रूप देते हैं उनकी केमिस्ट्री और डायलॉग्स दर्शकों को हंसाने और रोमांचित करने में कामयाब है। विजुअल्स में प्रयागराज के गंगायमुनासरस्वती संगम तट की खूबसूरती साफ दिखती है, जिससे फिल्म में स्थानीय रंग और सांस्कृतिक प्रभाव को बखूबी शामिल किया गया है ।

### लाइफ स्टाइल

## परंपरा और ट्रेंड साथ-साथ



मुंबई में हुआ वैदिक वोग (फ़ैशन शो) इन दिनों चर्चा में है। इस फ़ैशन शो की थीम परंपरा, ट्रेंड और भविष्य के नवाचार का मिश्रण थी। जिसमें डिज़ाइनरों और मॉडल्स अपने हस्तनिर्मित कपड़ों, पारंपरिक रूपांकनों और तकनीक से प्रेरित सौंदर्यबोध से सजे कलेक्शन से अपनी चमक बिखेरी। कुछ जानी-मानी हस्तियों सहित सेलिब्रिटी जजों के साथ पूरी गतिविधियां बेहद रोचक रहीं। शो को बेहद तारीफ मिली।

## हर मौके के लिए परफेक्ट हैं ट्रेंडी चिकनकारी कुर्ता सेट



अगर आप भी किसी फंक्शन पर पहनने के लिए आउटफिट को लेकर कंफ्यूज रहती हैं, तो अब आप इन ट्रेंडिंग लेटेस्ट चिकनकारी सूट को ट्राई कर अपना जलवा बिखेर सकती हैं। अगर आप भी हमेशा फंक्शन के हिसाब से पहनने के लिए आउटफिट को लेकर परेशान रहती हैं या आप जल्द डिसाइड नहीं कर पति हैं कि आखिर क्या पहने तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। ये खबर आपके लिए है। आज हम आपको कुछ ऐसी खास ट्रेंडी चिकनकारी कुर्ता सेट डिजाइन के बारे में बताएंगे, जिन्हें देखकर आपका उन्हें खरीदने का मन करेगा। आइए जानते हैं इन चिकनकारी कुर्ता सेट के बारे में।

### ट्रेंडी चिकनकारी कुर्ता सेट डिजाइन

आप अपनी खूबसूरती में रंग भरने के लिए और भीड़ से अलग दिखने के लिए ये खूबसूरत मौवे मसलिन चिकनकारी स्ट्रेट कुर्ती सेट ट्राई कर सकती हैं। इस कुर्ती को आप प्लाजो या ट्राउजर के साथ पेयर कर पहन सकती हैं। आप इस आउटफिट को किसी फंक्शन, इवेंट, फेस्टिवल या फिर ऑफिस और कॉलेज में भी पहनकर जा सकती हैं। इसके साथ मिनिमल मेकअप और एक्सेसरीज भी शामिल कर सकती हैं।

### व्हाइटकलर का जॉर्जेट चिकनकारी कुर्ता सेट

यही नहीं अगर आप किसी भी खास मोके पर पहनने के लिए आउटफिट सिलेक्ट नहीं कर पा रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आप इस खूबसूरत और ट्रेंडिंग व्हाइट कलर का जॉर्जेट चिकनकारी कुर्ता सेट ट्राई कर सकती हैं। इसे पहनकर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेंगी। आप इस चिकनकारी सूट को ऑनलाइन खरीद सकती हैं या कपडा लाकर इसे बनवा भी सकती हैं।

### स्ट्रैट कट राउंड नेक जॉर्जेट चिकनकारी कुर्ता सेट

स्ट्रैट कट राउंड नेक जॉर्जेट चिकनकारी कुर्ता सेट आपकी खूबसूरती में रंग भरने के लिए एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इसे आप पहनकर अपने फंक्शन या इवेंट में मौजूद हर एक शख्स का दिल जीत सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप प्लाजो या ट्राउजर पहन सकती हैं। यही नहीं आप मैचिंग दुपट्टा भी इस चिकनकारी सूट के साथ शामिल कर सकती हैं। आप इस सूट को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### लाइम ग्रीन जॉर्जेट चिकनकारी कुर्ता सेट

आप अगर अपनी दोस्त की शादी में जा रही हैं और वहां पहनने के लिए ऐसे ऑउटफिट की तलाश में हैं, जो दिखने में खूबसूरत हो।

## काले होंठों से होती है शर्मिंदगी तो अपनाएं ये नुस्खे

सुर्ख गुलाबी हॉट किस पसंद नहीं होते। हर कोई चाहता है कि उनके होंठ गुलाबी बने रहें लेकिन कई बार ऐसा होता है कि होठों का रंग अपने आप काला पड़ने लगता है। वैसे तो होंठ गुलाबी करने के लिए कई तरह की ट्रीटमेंट अब बाजार में आने लगे हैं लेकिन आप चाहे तो कुछ घरेलू नुस्खे अपना कर भी होंठों का गुलाबीपन वापस पा सकते हैं।

यहां आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से कुछ ही दिनों में होंठों का कालापन दूर होने लगेगा। इन नुस्खों के इस्तेमाल से पहले एक बार पैच टेस्ट अवश्य करें, ताकि अगर इनसे आपको एलर्जी हो तो उसका पता लगा सके।

### नींबू और शहद

आपके घर में आपको नींबू का रस और शहद तो आसानी से मिल ही जाएगा। इन दोनों चीजों को मिलाकर होंठों पर लगाएं। इसे 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर धो लें। नींबू प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट होता है और शहद मॉइस्चराइज करता है। इसके इस्तेमाल से पहले पैच टेस्ट अवश्य करें।

### नारियल तेल

ये नुस्खा सबसे आसान है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस रात को सोने से पहले होंठों पर नारियल तेल लगाना है। यह होंठों को नमी देता है और उनकी रंगत को सुधारता है। इससे होंठों का कालापन भी दूर होता है।

### एलोवेरा जेल



अगर आपके घर पर फ्रेश एलोवेरा जेल है तो इसके इस्तेमाल से होंठों पर लगाने से उनके कालेपन में कमी आ सकती है। एलोवेरा में प्राकृतिक रूप से एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन होते हैं जो होंठों की रंगत को बेहतर बनाते हैं।

### गुलाब की पंखुड़ियां

इसका इस्तेमाल करना थोड़ा कठिन है लेकिन ये काफी फायदेमंद है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको गुलाब की पंखुड़ियों को पीसकर उसमें दूध मिलाकर होंठों पर लगाना है। इससे होंठों का रंग निखरता है और कालापन दूर होता है।

## हैवी मेकअप नहीं पसंद तो रखें नो मेकअप लुक

मौका त्यौहार का हो या फिर किसी पार्टी का, बारिश के मौसम में हैवी मेकअप करना आपको परेशान कर सकता है। इसी के चलते अगर आप हल्का मेकअप करना चाहती हैं तो नो मेकअप लुक करें।

यहां हम आपको नो मेकअप लुक अप्लाई करने का सही तरीका बताएंगे। ताकि आप खूबसूरत भी लगे और हैवी मेकअप से आपको उलझन भी ना हो। नो मेकअप लुक आजकल काफी ट्रेंड में है और यह काफी अच्छा भी लगता है।

### चेहरा करें साफ

नो मेकअप लुक पाने के लिए सबसे पहले एक अच्छे फेसवॉश से चेहरे को अच्छी तरह से धोएं ताकि त्वचा पर से सभी गंदगी और तेल हट जाए। ध्यान रखें ये आपकी स्किन टाइप का ही होना चाहिए।

### मॉइस्चराइजर लगाएं

चेहरा रूखा न लगे, इसके लिए अपने चेहरे को हाइड्रेटेड रखने के लिए एक हल्का मॉइस्चराइजर लगाएं। अगर त्वचा रूखी दिखेगी तो इससे भी आपका लुक बिगड़ सकता है।



### सनस्क्रीन लगाएं

भले ही बारिश का मौसम चल रहा है लेकिन फिर भी त्वचा पर सनस्क्रीन लगाएं। ये आपकी त्वचा को सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से बचाने का काम करेगी।

### बीबी क्रीम

नो मेकअप लुक में आपको फाउंडेशन की जरूरत नहीं पड़ेगी। हल्की सी बीबी क्रीम को अपनी त्वचा पर लगाएं और फिर इसका लुक देखें। ध्यान रखें कि बीबी क्रीम की मात्रा काफी कम होनी चाहिए।

### ब्लश और हाइलाइटर

बेस हैवी नहीं लगा रहे हैं इसलिए ब्लश और हाइलाइटर भी कम ही इस्तेमाल करें। इससे आपके चेहरे की चमक दिखेगी और आपका लुक प्यारा दिखेगा।

## पहली बार पहन रहीं हैं साड़ी तो इन बातों का जरूर रखें

अगर आप पहली बार साड़ी पहन रहीं हैं तो कुछ बातों का अवश्य ध्यान रखें। इन बातों को ध्यान में रखकर आप अपने लुक को और खूबसूरत बना सकती हैं।

पेटीकोट की फिटिंग हो सही

अगर पहली बार साड़ी पहन रहीं हैं तो उसके लिए फिटिंग का पेटीकोट अवश्य बनाएं। बहुत सी लड़कियां अपनी मम्मी या बड़ी दीदी का पेटीकोट पहन लेती हैं। जिस वजह से उनका लुक खराब हो जाता है। ये गलती कभी न करें। पेटीकोट हमेशा अपनी ही फिटिंग का बनवाएं, ताकि आपका लुक प्यारा दिखे।



ब्लाउज की सही फिटिंग और डिजाइन भी है जरूरी

साड़ी के लुक को खूबसूरत बनाने के लिए सही ब्लाउज का चयन अवश्य करें। अगर ब्लाउज सही फिटिंग का नहीं होगा तो आप असहज हो सकती हैं। ऐसे में अपनी साड़ी से मैच करता हुआ ब्लाउज तैयार करें। इसकी डिजाइन का चयन अपने हिसाब से करें, ताकि आप देखने में खूबसूरत लगें।

### लंबाई हो सही

साड़ी की लंबाई अगर सही नहीं होगी, तो ये आपका लुक खराब कर सकती है। साड़ी हमेशा फुटवियर पहनने के बाद ही बांधें। अगर ये लंबी होगी तो आपको चलने में परेशानी हो सकती है। वहीं अगर साड़ी छोटी बांधेंगी तो नीचे दिखता हुआ पेटीकोट लुक बिगाड़ सकता है।

### सही से करें पल्लु ड्रेप

अगर पहली बार साड़ी पहन रहीं हैं तो पल्लु को सही से ड्रेप करके पिन करें। खुला पल्लु आपको परेशान कर सकता है। अगर आप कंफर्टेबल हैं तो पल्लु को खुला भी रख सकती हैं।

### फुटवियर और आभूषण

पहली बार साड़ी पहन रहीं है तो उसके साथ ज्यादा हील्स वाले फुटवियर न पहनें। इससे आप परेशान हो सकती हैं। साड़ी के साथ फुटवियर वही पहनें, जिसमें आप पहले से ही सहज हों। इसके साथ-साथ ज्वेलरी को भी मिनिमल ही रखें।

### कार्नर न्यूज

आज के दौर में तोहफे देने का बदला है अंदाज

# अपने करीबी को स्टाइलिश दिखने का शौक है तो तोहफे में दें कुछ खास, निभाइए रिश्ते

आप अपने करीबी को क्या तोहफा देना चाहते हैं, यह आपकी नहीं बल्कि सामने वाले की पसंद पर भी निर्भर करता है। नौजवानों की पसंद तो सबसे जुदा होती है। जरूरी नहीं कि तोहफा देने और पाने वाले दोनों की पसंद एक सी हो। मान लीजिए जिसे आप तोहफा देने जा रहे हैं, उन्हें हमेशा स्टाइलिश दिखने का शौक है तो आप उन्हें तोहफे में ब्यूटी प्रोडक्ट दे सकते हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसी स्किन केयर, हेयर केयर और ब्यूटी प्रोडक्ट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप अपने करीबी को तोहफे में दे सकते हैं। इन चीजों को खरीदते वक्त आपके ज्यादा पैसे खर्च नहीं होंगे।

### हेयर स्टाइलिंग किट

आजकल की लड़कियां अलग-अलग तरह की हेयर स्टाइल बनाना पसंद करती हैं, ऐसे में आप अपनी बहन को हेयर स्टाइलिंग किट तोहफे में दे सकते हैं। इस किट में स्ट्रेटनर, कर्लर और हेयर ड्रायर मिलेगा। ये आपको हर बजट में मिल जाएगी। अगर पूरा किट देने का बजट नहीं है तो इनमें से एक चीज भी तोहफे में दे सकते हैं।



### मेकअप बॉक्स

हर लड़की के पास ढेर सारा मेकअप होता है। आप उस मेकअप को रखने के लिए उन्हें अलग सा स्टाइलिश मेकअप बॉक्स तोहफे में दे सकते हैं। इसमें वो अपने महंगे मेकअप को आराम से रख सकती हैं। इससे वो खराब होने से बचा रहेगा।

### लिपस्टिक सेट

लिपस्टिक का शौक तो हर उम्र की महिला को होता है। ऐसे में आप अपनी बहन को लिपस्टिक का सेट तोहफे में दे सकते हैं। लिपस्टिक खरीदते वक्त अपनी बहन की पसंद के शेड का ध्यान रखें। जिस तरह के शेड वो लगाना पसंद करती हैं, उसी तरह से शेड उन्हें तोहफे में दें।




### मेकअप ब्रश सेट

मेकअप करते वक्त ब्रश का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में आप अपनी बहन को मेकअप ब्रश का पूरा सेट तोहफे में दे सकते हैं। ध्यान रखें इसकी क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए, वरना ये आपकी बहन की स्किन खराब कर सकते हैं।

### सीटीएम किट

खूबसूरत दिखना तो हर लड़की को पसंद होता है। ऐसे में आप उन्हें किसी अच्छे ब्रांड की सीटीएम किट तोहफे में दे सकती हैं। इसके इस्तेमाल से उनकी त्वचा खिल उठेगी। इसे खरीदते वक्त स्किन टाइप का खास ध्यान रखें।

